गुरुवार, 8 जनवरी 2026

मौसम



| | |
|---|---|
| तापमान | 12 – 23 |
| आर्द्रता | 74% |
| सूर्योदय: 06:18 | सूर्यास्त: 17:08 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, माघ कृष्णपक्ष पंचमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : बुराई ढूंढने में रूचि है तो दर्पण का प्रयोग कीजिये, दूरबीन का नहीं।



तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए भारत को आयात घटाना और निर्यात बढ़ाना होगा: गडकरी पृष्ठ 8




## 'परीक्षा पे चर्चा' में छात्रों से संवाद के लिए उत्सुक हूं: प्रधानमंत्री मोदी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि वह वार्षिक परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ परीक्षाओं के विभिन्न पहलुओं पर बातचीत करने के लिए उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह परीक्षा योद्धाओं से ऐसे सवाल और अनुभव सुनने के लिए उत्सुक हैं, जो दूसरों को प्रेरित कर सकें। उन्होंने कहा, दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं नजदीक आ रही हैं और इस साल की परीक्षा पे चर्चा भी। प्रधानमंत्री ने कहा, परीक्षाओं के विभिन्न पहलुओं पर छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हूं, विशेष रूप से परीक्षा के तनाव को दूर करने के तरीकों, शांत और आत्मविश्वासी बने रहने और मुस्कुराते हुए परीक्षा देने के तरीकों पर। भारत और 26 देशों से लगभग 45 लाख उम्मीदवारों के कक्षा 10वीं और 12वीं के 204 विषयों में परीक्षा के लिए शामिल होने के उम्मीद है। सीबीएसई की परीक्षाएं 17 फरवरी से शुरू होने की संभावना है।

## अमेरिकी सैनिकों ने उत्तरी अटलांटिक में वेनेजुएला के तेल टैंकरों पर कब्जा किया

**वाशिंगटन :** अमेरिका ने उत्तरी अटलांटिक और कैरेबियन में एक के बाद एक की गई दो कार्रवाइयों में वेनेजुएला से जुड़े दो प्रतिबंधित तेल टैंकरों को जब्त कर लिया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अमेरिक- यूरोपीय कमान ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में 'अमेरिकी प्रतिबंधों के उल्लंघन' के आरोप में व्यापारिक पोत बेला-1 को जब्त करने की घोषणा की। अमेरिका पिछले महीने से इस टैंकर का पीछा कर रहा था, क्योंकि इसने वेनेजुएला के आसपास प्रतिबंधित तेल जहाजों पर अमेरिकी नाकेबंदी से बचने की कोशिश की थी। इसके बाद, अमेरिका की गृह मंत्री क्रिस्टी नोएम ने खुलासा किया कि अमेरिकी सेना ने कैरिबियन में टैंकर सोफिया पर भी नियंत्रण स्थापित कर लिया है। नोएम ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि दोनों जहाज ''या तो आखिरी बार वेनेजुएला में रुके थे या उसकी ओर जा रहे थे।''

## बांग्लादेश 29 जनवरी से पाकिस्तान के लिए सीधी उड़ानें फिर से शुरू करेगा

**ढाका :** बांग्लादेश सरकार के स्वामित्व वाली बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस 29 जनवरी से ढाका और कराची के बीच सीधी उड़ानें फिर से शुरू करेगी। इसके साथ ही एक दशक से अधिक समय के बाद बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच निर्बाध हवाई संपर्क बहाल हो जाएगा। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। बांग्ला दैनिक 'प्रथम आलो' ने एयरलाइंस के एक बयान का हवाला देते हुए बताया कि शुरुआत में उड़ानें सप्ताह में दो बार, बृहस्पतिवार और शनिवार को संचालित होंगी। यह उड़ान ढाका से स्थानीय समयानुसार रात आठ बजे प्रस्थान करेगी और कराची में रात 11 बजे पहुंचेगी। वापसी की उड़ान कराची से रात 12 बजे प्रस्थान करेगी और ढाका में तड़के 4:20 बजे पहुंचेगी।

## बांग्लादेश ने जेएफ-17 लड़ाकू विमान खरीदने में रुचि दिखाई है : पाकिस्तान

**लाहौर :** बांग्लादेश ने पाकिस्तान से जेएफ-17 थंडर लड़ाकू विमान खरीदने में रुचि दिखाई है। पाकिस्तानी सेना ने बुधवार को यह दावा किया। जेएफ-17 लड़ाकू विमान एक बहु-भूमिका वाला विमान है और इसे चीन तथा पाकिस्तान ने संयुक्त रूप से विकसित किया है।

# एसआईआर : राज्य के बाहर रह रहे मतदाताओं के लिए सुनवाई के वैकल्पिक तंत्र का प्रस्ताव

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय ने राज्य से बाहर या विदेश में रहने वाले मतदाताओं को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत सुनवाई में भाग लेने में कठिनाइयों को कम करने के लिए निर्वाचन आयोग के समक्ष एक प्रस्ताव रखा है। उन्होंने कहा कि यह समस्या बंगाल के प्रवासी श्रमिकों के साथ-साथ अन्य राज्यों या देशों में अस्थायी रूप से रह रहे छात्रों और पेशेवरों को भी प्रभावित करती है। अधिकारी ने कहा कि निर्धारित तिथि पर सुनवाई में उपस्थित होना अक्सर मुश्किल होता है, और उपस्थित न



होने पर वैध मतदाता होने के बावजूद उनके नाम अंतिम मतदाता सूची से हटाए जा सकते हैं। सीईओ कार्यालय के अधिकारी ने कहा कि हमें उन मतदाताओं से सैकड़ों शिकायतें मिली हैं जो काम, पढ़ाई या स्वास्थ्य कारणों से एसआईआर की सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो पाए। हमारा प्रस्ताव एक वैकल्पिक व्यवस्था प्रदान करने का है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके नाम मतदाता सूची से न हटाए जाएं। सीईओ के कार्यालय ने भागीदारी को सुविधाजनक बनाने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंस या आस-पास के मतदान केंद्रों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर सत्यापन जैसे विकल्पों का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य मतदाता सूची की विश्वसनीयता बरकरार रखते हुए बाहर गए मतदाताओं के लिए व्यावहारिक समाधान तलाशना है। अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा अगले दौर की एसआईआर सुनवाई से पहले प्रस्ताव की समीक्षा किए जाने की संभावना है।

## इसरो के नये साल का पहला प्रक्षेपण 12 जनवरी को

**बेंगलुरु :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 12 जनवरी को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से पीएसएलवी-सी62 मिशन का प्रक्षेपण करेगा। इसरो नये साल के अपने पहले मिशन की तैयारी में जुट गया है। इसरो के एक अधिकारी के अनुसार, इस मिशन का मुख्य पेलोड 'ईओएस-एन1' है, जो रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन द्वारा रणनीतिक उद्देश्यों के लिए निर्मित एक इमेजिंग उपग्रह है। इसरो ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''पीएसएलवी-सी62 मिशन का प्रक्षेपण 12 जनवरी 2026 को भारतीय समयानुसार 10:17 बजे श्रीहरिकोटा स्थित एसडीएससी एसएचएआर के प्रथम प्रक्षेपण पैड (एफएलपी) से निर्धारित है।'' इसने बताया कि रॉकेट में स्पेन के एक 'स्टार्टअप' द्वारा विकसित 'केस्ट्रेल इनिशियल डेमोंस्ट्रेटर' (केआईडी) भी होगा, जो पीएस-4 चरण से जुड़ा रहेगा। सूत्रों के अनुसार भारत, मॉरीशस, लक्जमबर्ग, संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, यूरोप और अमेरिका के स्टार्टअप और अनुसंधान संस्थानों के 17 अन्य वाणिज्यिक पेलोड भी इस उड़ान के लिए सूचीबद्ध हैं।

## आज नड्डा पश्चिम बंगाल दौरे पर, दो अहम बैठकों में होंगे शामिल

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा गुरुवार को पश्चिम बंगाल में दौरे के दौरान विधानसभा चुनाव से संबंधित दो महत्वपूर्ण बैठकों में शामिल होंगे जिनमें प्रशासनिक तथा राजनीतिक मामलों पर चर्चा की जायेगी। भाजपा के एक राज्य समिति सदस्य ने बताया कि आज सुबह वह शहर में स्वास्थ्य से जुड़े एक सेमिनार में शामिल होंगे और उसे संबोधित करेंगे और दोपहर में भाजपा की तरफ से आयोजित बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक के बाद, वह शाम को ही नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे। राज्य समिति के सदस्य ने कहा कि पहले, राज्य में हमारे प्रदेश अध्यक्ष और पार्टी के राज्यसभा सदस्य



समिक भट्टाचार्य ने नड्डा को उसी दिन पार्टी द्वारा आयोजित बैठक में मौजूद रहने और पार्टी नेताओं को संबोधित करने के लिए खास तौर पर बुलाया था और वह इसके लिए मान गए थे। यह बैठक बंद कमरे में होगी, जहां नड्डा से इस साल होने वाले राज्य के अहम विधानसभा चुनाव के लिए चुनावी रणनीति पर अपने विचार शेयर करने की उम्मीद है।

## 2027 की जनगणना का पहला चरण अप्रैल से सितंबर के बीच होगा : गृह मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** जनगणना 2027 का पहला चरण सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में घरों की सूची बनाने के अभियान के साथ इस वर्ष एक अप्रैल से 30 सितंबर के बीच होगा। बुधवार को जारी एक सरकारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। इस दौरान, प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश द्वारा 30 दिन की अवधि निर्दिष्ट की गई है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि घरों की सूची बनाने का 30 दिन का अभियान शुरू होने से ठीक पहले 15 दिनों की अवधि में स्व-गणना कराने का विकल्प भी होगा।


## वित्त वर्ष 2025-26 में जीडीपी वृद्धि 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान, दुनिया में सबसे तेज

### भारत के 'सुधारों की एक्सप्रेस' पकड़ रही है रफ्तार: प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** अमेरिकी शुल्क वृद्धि और वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था के वित्त वर्ष 2025-26 में 7.4 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। इस तरह भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। बुधवार को आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह भारतीय रिजर्व बैंक के 7.3 प्रतिशत के अनुमान और सरकार के 6.3-6.8 प्रतिशत वृद्धि के शुरुआती आकलन से अधिक है। भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। घरेलू अर्थव्यवस्था का बेहतर प्रदर्शन ऐसे समय में सामने आया है, जब अमेरिका ने भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत तक का शुल्क लगाया हुआ है।

## छत्तीसगढ़ के सुकमा में 65 लाख रुपए के इनामी 13 नक्सलियों समेत 26 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा :** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 26 माओवादियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें से 13 पर कुल 65 लाख रूपए का इनाम है। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन की 'छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति' के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सुकमा पुलिस 'पूना मार्गेम' पुनर्वास से पुनर्जीवन अभियान चला रही है। इससे प्रभावित होकर तथा अति संवेदनशील अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार शिविर स्थापित होने से पुलिस के बढ़ते प्रभाव से माओवादी संगठन में सक्रिय सात महिला सहित 26 माओवादियों ने आज सुकमा जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण और सुरक्षाबलों के वरिष्ठ अधिकारियों सामने आत्मसमर्पण कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों में से 13 माओवादियों पर कुल 65 लाख रूपए का इनाम है। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों में नक्सलियों के सीआरसी कंपनी नंबर में प्लाटून नंबर दो का डिप्टी कमांडर लाली उर्फ मुचाकी आयते (35 वर्ष) भी शामिल है जिस पर 10 लाख रूपए का इनाम है। लाली के खिलाफ 2017 में सोनाबेड़ा गांव से कोरापुट मार्ग पर सुरक्षाबलों के वाहन



को बारूदी सुरंग में विस्फोट कर उड़ाने की घटना में शामिल होने का आरोप है। इस घटना में 14 जवानों की मृत्यु हुई थी। अधिकारियों ने बताया कि इसके साथ ही इनमें डिवीजनल कमेटी सदस्य हेमला लखमा (41), कंपनी नंबर सात की पार्टी सदस्य आसमिता उर्फ कमलू सन्नी (20), रामबत्ती उर्फ संध्या (21) और बटालियन नंबर एक का सदस्य सुंडाम पाले (20) भी शामिल है। सभी पर आठ-आठ लाख रूपए का इनाम है। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले तीन नक्सलियों के सर पर पांच-पांच लाख रूपए, एक नक्सली के सर पर तीन लाख रूपए, एक नक्सली के सर पर दो लाख रूपए तथा तीन नक्सलियों के सर पर एक-एक लाख रूपए का इनाम है।

# बांग्लादेश: भीड़ के हमले से बचने के लिए हिंदू युवक नहर में कूदा, डूबने से मौत

**ढाका :** उत्तर-पश्चिमी बांग्लादेश में चोरी का आरोप लगाये जाने के बाद, 25 वर्षीय एक हिंदू युवक ने भीड़ से अपनी जान बचाने के लिए नहर में छलांग लगा दी। हालांकि डूबने से उसकी मौत हो गई। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय को निशाना बनाकर की गई हिंसा की यह नवीनतम घटना है। बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद (बीएचबीसीयूसी) के प्रवक्ता काजल देबनाथ ने बताया कि मृतक की पहचान मिथुन सरकार के रूप में हुई है। मंगलवार को नौगांव जिले में चोरी के आरोप को लेकर भीड़ ने मिथुन पर हमले की कोशिश की।



देबनाथ ने बताया कि अपनी जान बचाने के लिए वह नहर में कूद गया, लेकिन डूब गया। मंगलवार को जारी एक बयान में परिषद ने अल्पसंख्यकों के बढ़ते उत्पीड़न के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। देश में आम चुनाव की तारीख नजदीक आने के साथ ही सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएं बढ़ रही हैं। परिषद ने दावा किया कि इन घटनाओं का उद्देश्य अल्पसंख्यक मतदाताओं को अपनी पसंद के उम्मीदवारों को वोट डालने से रोकना है। इसने कहा, ''बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद की केंद्रीय समिति ने सांप्रदायिक हिंसा पर गंभीर चिंता व्यक्त की है और कड़ी निंदा की है।'' परिषद ने बताया कि उसने अकेले दिसंबर 2025 में सांप्रदायिक हिंसा की 51 घटनाएं दर्ज की हैं। परिषद ने कहा, ''इनमें हत्या के 10, चोरी और डकैती के 10 मामले तथा घरों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, मंदिरों और जमीनों पर कब्जे, लूटपाट और आगजनी की 23 घटनाएं शामिल हैं।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## कृष्णनगर में डीआरआई की बड़ी कार्रवाई, 6.68 करोड़ रुपये का सोना जब्त

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के कृष्णनगर में तस्करी कर लाए गए भारी मात्रा में सोने की खेप को खुफिया एजेंसियों ने बरामद किया है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय के अधीन राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के कोलकाता जोनल कार्यालय ने बुधवार को विशेष गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बांग्लादेश से तस्करी कर लाया गया करीब 4.9 किलोग्राम विदेशी सोना जब्त किया। जब्त सोने की अनुमानित बाजार कीमत लगभग 6.68 करोड़ रुपये बताई जा रही है। डीआरआई सूत्रों के अनुसार, कृष्णनगर के पास लक्ष्मीगाछा मोड़ पर एक मोटरसाइकिल को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान सवार के पास से 21 पीले धातु के टुकड़े बरामद हुए, जिनमें विदेशी चिन्ह वाले सोने के बिस्किट, विकृत बार और कच्चा सोना शामिल था। पूछताछ में आरोपी वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका और उसने स्वीकार किया कि सोना अवैध रूप से बांग्लादेश से भारत लाया गया था। डीआरआई ने सोना जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की आगे जांच जारी है।

## Suffering from hip or Knee pain?
## Ask Dr. Santosh

ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी आपको सामान्य स्थिति में वापस ला सकती है, जब सटीकता के साथ की जाये –डॉ संतोष कुमार

**प्रश्न: घुटने के लिगामेंट पुनर्निर्माण की आवश्यकता किसे है?**
**डॉ. कुमार:** आम तौर पर घुटने के लिगामेंट पुनर्निर्माण जैसे कि एसीएल पुनर्निर्माण आर्थोस्कोपिक प्रक्रिया द्वारा किया जाता है जो युवा सक्रिय लोगों के लिए उपयोग किया जाता है। वृद्ध लोगों के लिए जिसे गठिया पहले से ही हो चुका होता है, तो उनके लिए आर्थोस्कोपिक प्रक्रिया की कोई भूमिका नहीं होती है।

**प्रश्न: विस्कोसप्लिमेंटेशन कितना उपयोगी है?**
**डॉ. कुमार:** विस्कोसप्लिमेंटेशन का अर्थ है अत्यधिक क्रॉस लिंक्ड उच्च आणविक भार हायलूरोनिक एसिड का इंजेक्शन जो घुटने का प्राकृतिक स्नेहक है। मेरी राय में, इसकी भूमिका बहुत अधिक नहीं है लेकिन निश्चित रूप से यह एवस्कुलर नेक्रोसिस आदि को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता है।

**प्रश्न: जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की आवश्यकता किसे है?**
**डॉ. कुमार:** जब कूल्हे या घुटने के प्रतिस्थापन गठिया अपने दर्द, प्रतिबंधित गतिविधियों, अस्थिरता या विकृति के माध्यम से दैनिक जीवन, सामाजिक गतिविधियों, पेशेवर या व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करना शुरू कर देता है, तो व्यक्ति को जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की आवश्यकता होती है।

**प्रश्न: जॉइंट रिप्लेसमेंट की सही उम्र क्या है?**
**डॉ. कुमार:** जब भी दैनिक जीवन की गतिविधियों में बाधा उत्पन्न होती है, चाहे उम्र कुछ भी हो, तो जॉइंट रिप्लेसमेंट पर विचार करना चाहिए। जॉइंट रिप्लेसमेंट में देरी करने से सर्जरी अधिक मुश्किल हो जाती है और रिकवरी में देरी होती है, लेकिन इसे जरूरत से पहले भी नहीं किया जाना चाहिए।



Joint Replacement Surgeon Dr Santosh Kumar With world's latest Navigation System Orthopilot

**प्रश्न: गठिया के प्रकार क्या हैं?**
**डॉ कुमार:** अधिकांश गठिया उम्र से संबंधित होते हैं, घिसने के कारण होते हैं, लेकिन विभिन्न विशिष्ट गठिया पूर्ण घुटने को मोड़ने में अधिक समय लगता है, जो कम उम्र में प्रभावित कर सकते हैं जैसे किशोर गठिया, एंकिलॉजिंग स्पॉन्डिलाइटिस, युवा गठिया वाले लोग ज्यादातर हिप गठिया से पीड़ित होते हैं।

**प्रश्न: प्रतिस्थापन प्रत्यारोपण की उम्र क्या है?**
**डॉ. कुमार:** बेशक, इसे फिर से किया जा सकता है। प्रतिस्थापन प्रत्यारोपण ज्यादातर सीमेंटेड होते हैं और इनके औसतन 20 से 30 साल तक चलने की उम्मीद की जाती है।

**प्रश्न: क्या जॉइंट प्रतिस्थापन सर्जरी दूसरी बार की जा सकती है?**
**डॉ. कुमार:** बेशक हां, इसे फिर से किया जा सकता है और इसे रिवीजन जॉइंट रिप्लेसमेंट कहा जाता है जो पहले या प्राथमिक जॉइंट रिप्लेसमेंट जितना ही सफल होता है।

**प्रश्न: सर्जरी के परिणाम को प्रभावित करने वाला सबसे महत्वपूर्ण कारक क्या है?**
**डॉ कुमार:** सबसे महत्वपूर्ण सर्जिकल तकनीक, विशेषज्ञता सर्जन व टीम का अनुभव है।


**प्रश्न: क्या घुटने के प्रतिस्थापन के बाद हम पालथी मार कर बैठ सकते हैं?**
**डॉ कुमार:** हां, हमारे पास उच्च फ्लेक्सन घुटने के प्रत्यारोपण और बेहतर सर्जिकल तकनीक हैं जो व्यक्ति को बेड, सोफा आदि चीजों पर पालथी मार कर बैठने में सक्षम बनाती हैं लेकिन अगर सर्जरी से पहले घुटना काफी अकड़ा रहा होगा, तो घुटने के पूरे मोड़ को ठीक करने में अधिक समय लगेगा।

**प्रश्न: घुटने के प्रतिस्थापन के बाद किन गतिविधियों को करने की अनुमति है?**
**डॉ कुमार:** अधिकांश गतिविधियां जैसे अप्रतिबंधित पैदल चलना, सीढ़ियां चढ़ना, साइकिल चलाना, ड्राइविंग, तैराकी आदि की अनुमति होगी। वहीं रस्सी कूदना, स्काटिंग जैसी उच्च प्रभाव वाली गतिविधियां प्रतिबंधित हैं।

इसे जल्द ही ठीक करने की जरूरत होती है लेकिन कई मामलों में जब उम्र अधिक हो या जब ऑस्टियोपोरोसिस की आशंका हो, तो हमें जॉइंट को बदलने की जरूरत पड़ सकती है जो कि पूर्ण या आंशिक हो सकता है। एक्स्ट्रास्कैपुलर फ्रैक्चर को हमें कील या प्लेट से ठीक करने की जरूरत होती है।

**प्रश्न: हिप रिप्लेसमेंट के लिए सबसे अच्छा इम्प्लांट कौन सा है?**
**डॉ. कुमार:** सबसे अच्छा इम्प्लांट नाम की कोई चीज नहीं होती है। परिणाम अच्छे होते हैं और सर्जिकल की सटीकता पर लॉंजिविटी निर्भर करती है। बेहतर गतिशीलता और स्थिरता के लिए हमारे पास बड़े सिर वाले हिप इम्प्लांट हैं। हमारे पास हड्डी के विकास के लिए छिद्रयुक्त लेपित इम्प्लांट हैं जिन्हें अनसीमेंटेड फिक्सेशन के रूप में जाना जाता है। गतिविधियां मुख्य रूप से दो हैं।

**प्रश्न: जॉइंट रिप्लेसमेंट की सफलता दर क्या है**
**डॉ. कुमार:** अच्छी तरह से जॉइंट रिप्लेसमेंट के बाद सर्जन और टीम के हाथों में निर्भर करती है जो इसे दैनिक रूप से करते हैं। चूंकि यह परिशुद्धता आधारित सर्जरी है, इसलिए अच्छी परिशुद्धता अच्छे परिणाम देती है।




**प्रश्न: फ्रैक्चर नेक फीमर का उपचार क्या है?**
**डॉ. कुमार:** फ्रैक्चर नेक फीमर दो प्रकार का होता है, इंट्राकैप्सुलर और एक्स्ट्रास्कैपुलर। इंट्राकैप्सुलर फ्रैक्चर एक आपात स्थिति है और

Dr. Santosh Kumar Hip & Knee Foundation
Chamber : Plot No 332, Laketown, Block A, Kolkata-700 089
Belle Vue Clinic- Kolkata ● www.mykneemylife.org ● www.facebook.com / Dr.santoshkumar.orthousurgeon
● WhatsApp : 09831911584 ● Email : santdr@gmail.com
● FREE online Consultation Link : bit.ly/consultdrsantosh
Call for Appointment : 9831911584 / 9831266632 ● Experience of Treating 35000+Patients in 18+Years

## कानून व्यवस्था की पोल खोलती हत्याएं

यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि पंजाब में सरेआम की जा रही लक्षित हत्याओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। दुस्साहसी हत्यारे अपने मंसूबों को अंजाम देकर साफ निकल जाते हैं। यह विडंबना ही है कि पंजाब में नये साल की शुरुआत दिनदहाड़े हुई हत्याओं की एक शृंखला के साथ हुई है। अब चाहे लुधियाना जिले में एक पूर्व कबड्डी खिलाड़ी की निर्मम हत्या हो या अमृतसर के मैरिज रिसॉर्ट में एक विधायक के करीबी सरपंच की गोली मारकर बेरहमी से हत्या, इनसे पता चलता है कि पंजाब के अपराधियों में कानून का भय नहीं रह गया। निश्चित रूप से ये घटनाएं पंजाब में गंभीर चुनौती बनती एक जटिल समस्या की ओर इशारा करती हैं। इस चिंताजनक होती स्थिति की वजह लगातार अपराधी गिरोहों के नेटवर्क का मजबूत होना, घातक हथियारों की सहज उपलब्धता और पुलिस बल पर लगातार बढ़ता दबाव भी है। दूसरी ओर विपक्षी दल आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला चलाए रहते हैं और राजनीतिक लक्ष्यों के लिये मुख्यमंत्री भगवंत मान के इस्तीफे की मांग करते रहते हैं। वहीं सरकार इस संकट को अपने पूर्ववर्तियों द्वारा विरासत में छोड़ा गया बताते हैं। लेकिन एक हकीकत है कि इन बयानबाजियों से नागरिकों की असुरक्षा कम नहीं होती है। वहीं पंजाब के शीर्ष पुलिस अधिकारियों की दलील होती है कि पंजाब में अपराध दर राष्ट्रीय औसत से काफी कम है। लेकिन राज्य में बढ़ते अपराधों के संकट को किसी भी सूरत में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। निश्चित रूप से जब हत्याएं राज्य के भीड़भाड़ वाले इलाकों में होती हैं तो लोगों का कानून व्यवस्था से भरोसा उठ जाता है। वहीं दूसरी ओर राज्य के पुलिस महानिदेशक की दलील है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ड्रोन के जरिये हथियार, गोला-बारूद और नशीले पदार्थ भेजकर सीमांत राज्य पंजाब के खिलाफ परोक्ष युद्ध छेड़े हुए है। निश्चय ही यह बात इस सीमावर्ती राज्य के लिये गंभीर चिंता का विषय है।

इसमें दो राय नहीं कि पंजाब के डीजीपी का पाक से अपराधियों को प्रश्रय देने वाला बयान चिंता बढ़ाने वाला है। खासकर उस राज्य के लिये, जिसने एक दशक तक उग्रवाद का सामना किया हो। लेकिन पंजाब के अपराध संकट के लिये केवल बाहरी कारकों को ही जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। यह पुलिस विभाग की शिथिलता व खुफिया तंत्र की नाकामी के साथ सामाजिक विद्रूपताओं से भी उपजा संकट है। निस्संदेह, राज्य में अधिक बेरोजगारी है। बंदूक संस्कृति का महिमामंडन भी गंभीर चुनौती है। वहीं दूसरी ओर युवाओं में रातों-रात धनवान बनने का लालच भी स्थानीय व क्षेत्रीय गिरोहों के पनपने की गंभीर वजह है। इसके अलावा पुलिस विभाग की संरचना की भी कुछ विसंगतियां सामने आती हैं। मसलन पुलिस व्यवस्था में उच्च अधिकारियों की तो अधिकता है मगर फील्ड स्टाफ पर काम का बोझ जरूरत से ज्यादा है। इसके अलावा पुलिस के कामकाज में राजनीतिक हस्तक्षेप के भी आरोप लगते रहे हैं। यही वजह है कि पुलिस, हासिल कुछ सफलताओं के बावजूद जनता का विश्वास जीतने के लिये संघर्ष कर रही है। लेकिन राजनीतिक बयानबाजियों से इतर राज्य सरकार को अपनी रणनीति में बदलाव लाकर धरातल पर गंभीर प्रयास करने होंगे। मौजूदा हालात में बहुआयामी रणनीति बनाने की सख्त जरूरत महसूस की जा रही है। इसके अंतर्गत पुलिस सुधार भी प्राथमिकता के आधार पर किए जाने की जरूरत है, ताकि हाइटैक अपराधियों पर शिकंजा कसा जा सके। इसके साथ ही अपराध नियंत्रण में केंद्रीय एजेंसियों से बेहतर तालमेल करने की भी जरूरत है। इसके अलावा बंदूकों पर लगाम लगाने के लिये कानून को सख्ती से लागू करने की आवश्यकता होगी। राज्य में रोजगार के अवसरों में वृद्धि, कौशल विकास में व्यापक निवेश करने तथा भटके हुए युवाओं को मुख्यधारा में लाने के प्रयास योजनाबद्ध ढंग से करने होंगे। ऐसे राज्य में जो एक दशक तक चरमपंथ की त्रासदी झेल चुका हो, अपराधियों के खिलाफ बड़ी मुहिम वक्त की मांग है। राज्य के सत्ताधीशों को चाहिए कि पंजाब द्वारा कड़ी मेहनत से हासिल की गई शांति को गैंगस्टरों, ड्रग माफिया और आतंकवादियों के घातक गठजोड़ का शिकार कदापि नहीं होने दें।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 8 जनवरी, गुरुवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, माघ कृष्णपक्ष पंचमी, 06:34 तक, नक्षत्र : पूर्व फाल्गुनी, 12:24 तक, योग : सौभाग्य, 17:29 तक, सूर्योदय: 06:18, सूर्यास्त: 17:080, चन्द्रोदय : 22:06, चन्द्रास्त: 09:50, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : धनु, चन्द्र राशि : सिंह, राहू काल : 13:03 से 14:23

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के जातकों का कल का दिन महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति करने वाला रहेगा। लंबे समय से चल रही परेशानियों का अंत होगा। भाग्य का साथ मिलने से आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**वृष :** आज का दिन वृषभ राशि वालों का मांगलिक कार्यक्रमों में बीतने वाला है। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम के आयोजन को लेकर बातचीत बन सकती है।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों के लिए कल गुरुवार का दिन तेजी से आगे बढ़ने का है। आपकी मेहनत रंग लाएगी और काम में अप्रत्याशित प्रगति से आपके साथ आपके विरोधी भी दंग रह जाएंगे।

**कर्क :** कर्क राशि के जातकों का 8 जनवरी, गुरुवार का दिन परिवार की जिम्मेदारियों में बीतेगा। भाई-बहन या किसी करीबी रिश्तेदार की सेहत से जुड़ी चिंता आपको परेशान कर सकती है।

**सिंह :** गुरुवार के दिन सिंह राशि के जातकों को व्यवसाय और करियर की चिंता रहेगी। कामकाज में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। आपके लिए आराम को छोड़कर कई ठोस कदम उठाने का है।

**कन्या :** कन्या राशि वालों को कल काम के सिलसिले में ज्यादा भागदौड़ करनी पड़ सकती है। इससे आपको अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। छोटे-छोटे लाभ आपको मिलते रहेंगे।

**तुला :** कल यानी गुरुवार को आपका मन थोड़ा बेचैन रहेगा। आप खुद ही परेशानियों का पीछा करते-करते उनके पास पहुंच जाएंगे। कार्यस्थल में विरोधियों का सामना करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों को कल अचानक कोई अच्छी खबर मिल सकती है। कामकाज से जुड़ा तनाव धीरे-धीरे कम होने लगेगा। वरिष्ठ अधिकारियों से तालमेल का आपको फायदा होगा।

**धनु :** धनु राशि के जातकों को किसी नए संपर्क से करियर में लाभ मिलेगा। पहले किए गए काम का फायदा भी अब मिल सकता है। रुका हुआ पैसा मिलने में थोड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है।

**मकर :** मकर राशि के लोगों को कल धार्मिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इससे आपकी पहचान बढ़ेगी। करियर के लिहाज से काम में अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**कुम्भ :** आज के दिन कुंभ राशि वालों को उच्च अधिकारियों के साथ अच्छे संबंधों का फायदा मिलता दिख रहा है। उनकी सलाह आपके करियर के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी।

**मीन :** मीन राशि के जातकों को रिसर्च से जुड़े कार्यों में प्रगति देखने को मिलेगी। करियर में आगे बढ़ने के नए रास्ते खुलेंगे। पुराने विवाद भी सुलझते दिख रहे हैं।

# भूमि और बालू माफिया के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई: उपमुख्यमंत्री सिन्हा

**पटना :** बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बुधवार को कहा कि राज्य में भूमि और बालू माफिया के साथ-साथ अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सिन्हा ने कहा कि दोषियों को कड़ी सजा दी जाएगी और उन्हें पूरा विश्वास है कि 31 मार्च तक राज्य में एक सुखद और स्वस्थ वातावरण तैयार हो जाएगा। सिन्हा, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग का भी प्रभार संभाल रहे हैं। उन्होंने



संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह एक बीमारी है और हम धीरे-धीरे दवा दे रहे हैं। अगर एक साथ ज्यादा डोज दे दिया जाए तो रिएक्शन हो सकता है। मुझे पूरा भरोसा है कि 31 मार्च तक बीमारी खत्म हो जाएगी और एक अच्छा, सुखद और स्वस्थ वातावरण बनेगा। सिन्हा ने चुटकी लेते हुए कहा कि विभाग पारंपरिक इलाज अपना रहा है लेकिन जरूरत पड़ी तो सर्जरी के लिए भी तैयार हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भूमि और बालू माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए हैं तथा इस दिशा में सरकार नया कानून भी लाएगी। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं और हम ऐसे लोगों की पहचान कर रहे हैं। चाहे भूमि माफिया हों या बालू माफिया, उनसे निपटने के लिए पारदर्शी और कठोर कानून लाए जाएंगे। सिन्हा ने कहा कि लोगों की उनके विभाग से अपे-क्षाएं बढ़ी हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा, मेरा प्रयास है कि हम लोगों की अपेक्षाओं और विश्वास पर खरे उतरें।

## एसआईआर: राजनीतिक दलों ने मतदाता सूची में नाम शामिल करने के 128 दावे पेश किए

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में राजनीतिक दलों ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद मसौदा सूची जारी होने के अगले दिन बुधवार को मतदाता सूची में वोटरों के नाम शामिल करने के 128 दावे प्रस्तुत किये। सबसे ज्यादा दावे सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पेश किये। एसआईआर के बाद मंगलवार को मसौदा मतदाता सूची जारी की गई थी और इसके बाद सूची में छूट गए पात्र नागरिकों के लिए दावे और आपत्तियां दर्ज कराने के लिये छह फरवरी तक की मोहलत दी गयी है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिणवा के कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, छह जनवरी से सात जनवरी शाम पांच बजे तक मिले दावों और आपत्तियों को शामिल किया गया है। मंगलवार छह जनवरी को जारी मसौदा मतदाता सूची में साढ़े 12 करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम रखे गए हैं। मृत्यु होने, दूसरे स्थानों पर जा बसने या दो जगह नामांकन जैसे कारणों की वजह से सूची से लगभग दो करोड़ 89 लाख नाम हटा दिये गये हैं। सीईओ कार्यालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक मतदाता सूची में नाम शामिल करने के सबसे ज्यादा 105 दावे भाजपा ने पेश किये हैं।

## राजस्थान: कपड़ा फैक्टरी में दो मजदूरों की मौत, जहरीली गैस से दम घुटने की आशंका

**जयपुर :** राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में कपड़े की एक फैक्टरी में दो मजदूरों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, दोनों मजदूर बॉयलर क्षेत्र में काम करते थे और बुधवार सुबह दोनों बेहोशी की हालत में मिले। पुलिस ने बताया कि उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, अन्य मजदूरों ने फैक्टरी प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल और पुलिस चौकी के बाहर प्रदर्शन किया। मजदूरों ने आरोप लगाया कि बॉयलर में बिना प्रशिक्षित स्टाफ के मजदूरों से काम कराया जा रहा है।

## तेज प्रताप यादव ने उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा को दिया दही-चूड़ा भोज का न्योता

**पटना :** बिहार में मकर संक्रांति के मौके पर आयोजित होने वाले दही-चूड़ा भोज के लिए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद के पुत्र और जनशक्ति जनता दल (जेजेडी) के अध्यक्ष तेज प्रताप यादव ने राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को न्योता दिया है। बिहार की राजनीति में मकर संक्रांति को केवल पर्व नहीं, बल्कि सियासी संवाद का मंच माना जाता रहा है। इस बार यह मंच पूर्व मंत्री यादव सजाने जा रहे हैं। पिता लालू प्रसाद की वर्षों पुरानी दही-चूड़ा परंपरा को तेज प्रताप न सिर्फ जीवित करने का प्रयास कर रहे हैं, बल्कि उसे अपनी नई राजनीतिक पहचान से भी जोड़ने की कोशिश में हैं। यादव बुधवार को उपमुख्यमंत्री सिन्हा के सरकारी आवास पहुंचे और 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर होने वाले दही-चूड़ा भोज के लिए उन्हें पारंपरिक तिलक लगाकर आमंत्रित किया। यह मुलाकात संक्षिप्त रही, लेकिन इसके राजनीतिक निहितार्थ दूरगामी माने जा रहे हैं। सत्ता पक्ष के एक बड़े चेहरे के घर जाकर न्योता देना संकेत देता है कि यादव अब केवल विरोध की राजनीति तक सीमित नहीं रहना चाहते। यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, पर्व जोड़ने के लिए होते हैं, तोड़ने के लिए नहीं। राजनीति अपनी जगह है, लेकिन संस्कार और परंपराएं भी जरूरी हैं।

## सोमवार व शुक्रवार को अधिकारियों से मिल सकेंगे लोग, 19 जनवरी से नई व्यवस्था होगी लागू: नीतीश कुमार

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को कहा प्रत्येक सप्ताह के सोमवार और शुक्रवार को ग्राम पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक के सभी कार्यालयों में आम लोग सीधे संबंधित पदाधिकारी से उनके कार्यालय कक्ष में मिल सकेंगे। उन्होंने कहा कि 'सात निश्चय-3' कार्यक्रम के तहत सातवें निश्चय 'सबका सम्मान-जीवन आसान' को अमल में लाते हुए सरकार ने यह निर्णय लिया है। नई व्यवस्था 19 जनवरी से लागू होगी।



कुमार ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि 20 नवंबर 2025 को नई सरकार के गठन के बाद 'सात निश्चय-3' कार्यक्रम को लागू किया गया, जिसका उद्देश्य बिहार को देश के सर्वाधिक विकसित राज्यों की कतार में लाना है। उन्होंने बताया कि सात निश्चयों में सातवां निश्चय 'सबका सम्मान-जीवन आसान' है, जो केवल नीतियों की घोषणा नहीं बल्कि प्रशासन और जनता के बीच की दूरी कम करने की ठोस पहल है। मुख्यमंत्री ने स्वीकार किया कि कई बार लोग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी कार्यालयों में जाते हैं लेकिन संबंधित अधिकारी के अनुपस्थित रहने से उन्हें निराश होकर लौटना पड़ता है।

## मऊ में उधार के विवाद में व्यापारी पर चाकू से हमला

**मऊ (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मऊ जिले में उधार के विवाद में 32 साल के नमकीन खाद्य सामग्री कारोबारी को चाकू गोद कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया, चाकू करीब तीन घंटे तक उसके पेट में फंसा रहा। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बुधवार को बताया कि यह घटना मंगलवार रात करीब नौ बजे घोसी पुलिस थाना क्षेत्र के दरियाबाद गांव में हुई, जब उदयभान नाम के कारोबारी व्यापारी और एक ग्राहक के बीच उधार के पैसे चुकाने को लेकर बहस हो गई। पुलिस ने बताया कि विवाद बढ़ गया, जिसके बाद आरोपी ने कथित तौर पर उदयभान पर चाकू से हमला किया, उसके कंधे और पेट पर वार किया, और उसे आग लगाने की भी कोशिश की। हमले के दौरान चाकू व्यापारी के पेट में फंस गया। गांव वालों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद घायल व्यापारी को एम्बुलेंस से पहले एक स्वास्थ्य केंद्र और बाद में मऊ के जिला अस्पताल ले जाया गया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने एक मुश्किल ऑपरेशन के बाद चाकू निकाला।

## बिहार: चेहरे ढककर आने वाले ग्राहकों को आभूषण नहीं बेचेंगे जौहरी

**पटना :** बिहार के जौहरियों ने चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से फैसला किया है कि वे चेहरा ढककर दुकान में आने वाले ग्राहकों को आभूषण नहीं बेचेंगे। व्यापारियों के एक संगठन ने बुधवार को यह जानकारी दी। 'ऑल इंडिया ज्वैलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन' (एआईजेजीएफ) की बिहार इकाई ने अपने सदस्यों से कहा कि वे 'फेस मास्क' पहनकर आने वाले लोगों को आभूषण न तो दिखाएं और न ही बेचें। फेडरेशन की बिहार इकाई के अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, हमने यह निर्णय लिया है कि जो ग्राहक चेहरा ढककर दुकान में आएंगे, उन्हें हम आभूषण नहीं



बेचेंगे। हिजाब पहनने वाली महिलाओं या फेस मास्क लगाए किसी भी व्यक्ति को आभूषण प्रदर्शित और विक्रय नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह निर्णय सुरक्षा कारणों और जौहरियों व ग्राहकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। वर्मा ने कहा, देश के विभिन्न हिस्सों में कई घटनाएं हुई हैं, जहां नकाबपोश लुटेरों ने आभूषण की दुकानों को निशाना बनाया है। उन्होंने कहा, अगर ग्राहक चेहरा ढककर आभूषण की दुकान में प्रवेश करते हैं तो उनकी पहचान नहीं हो पाती। इस कदम से चोरी की किसी घटना की स्थिति में सीसीटीवी फुटेज के जरिए ग्राहकों की पहचान करने में पुलिस को भी मदद मिलेगी।

## झारखंड : गत दो दिनों में हाथी के हमले में 13 लोगों की मौत

**चाईबासा (झारखंड) :** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में जंगली हाथी के दो हमलों में 13 लोगों की मौत हो गई। एक वरिष्ठ वन अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। चाईबासा मंडल वन अधिकारी आदित्य नारायण ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि हाथी के हमले में चार लोग घायल भी हुए हैं। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों में कई लोगों पर हमले करने वाला हाथी मंगलवार देर रात नोआमुंडी और हटगामरिया पुलिस थाना क्षेत्रों में घुस गया और एक ही परिवार के चार सदस्यों सहित छह लोगों को मार डाला। नारायण ने बताया कि एक दिन पहले इसी हाथी ने कोल्हान क्षेत्र में एक ही परिवार के तीन सदस्यों समेत सात लोगों की



जान ले ली थी। अधिकारी ने बताया कि पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले के विशेषज्ञों समेत वन अधिकारियों के दलों को हाथी को वापस जंगल में ले जाने के काम में लगाया गया है। एक रेलवे अधिकारी ने बताया कि दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल में छह जोड़ी रेलगाड़ियां रद्द कर दी गई हैं।

## 334 संरक्षित तोते बरामद, वन्यजीव तस्करी गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने कैंट रेलवे स्टेशन पर 334 संरक्षित तोते बरामद कर अंतरराज्यीय वन्यजीव तस्करी गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एसटीएफ द्वारा बुधवार को जारी एक बयान के मुताबिक, आरोपी की पहचान मोहम्मद जाहिद के रूप में हुई है और वह पश्चिम बंगाल के बर्धमान जिले का रहने वाला है। बयान में बताया गया कि मंगलवार को शाम करीब सवा सात बजे वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर पांच से जाहिद को गिरफ्तार किया गया।

## संभल: कब्रिस्तान में बनी मजार व मस्जिद को प्रशासन ने बताया अवैध

### तोड़ने के लिए दी 15 दिन की मोहलत



**संभल (उप्र) :** संभल के चौधरी सराय स्थित कब्रिस्तान की जगह पर बनी दादा फखरुद्दीन रहमतुल्ला की मजार और मस्जिद को प्रशासन ने अवैध बताते हुए इस निर्माण को हटाने के लिए 15 दिन की मोहलत दी है। संभल के तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि चौधरी सराय स्थित कब्रिस्तान की जगह पर अवैध रूप से दादा फखरुद्दीन रहमतुल्ला की मजार और एक मस्जिद बनाई गई है। उन्होंने बताया कि मौका मुआयना करने के बाद संबंधित लोगों को बुलाया गया था और उन्हें निर्माण हटाने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है। सिंह ने कहा कि यह भूमि कब्रिस्तान के नाम से दर्ज है और उस पर अवैध रूप से मस्जिद बनायी गयी है। तहसीलदार ने बताया कि अगर 15 दिन में अवध निर्माण को नहीं हटाया गया तो नोटिस जारी करके विधिक कार्यवाही की जाएगी। दादा फखरुद्दीन रहमतुल्ला की मजार कमेटी से जुड़े मोहम्मद सुल्तान ने बताया कि यह मजार उनके पुरखों के जमाने से है। उन्होंने कहा कि मस्जिद और मजार हटाने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है। कब्रिस्तान सुन्नी वक्फ बोर्ड में पंजीकृत है।

## पिछले पांच साल में विधानमंडल सदस्यों ने विकास योजनाओं पर खर्च किए 3,633 करोड़ रुपए: मंत्री

**पटना :** बिहार के वित्त सह योजना एवं विकास मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने बुधवार को कहा कि मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत राज्य के विधानमंडल सदस्यों ने पिछले पांच से छह साल में 72,206 योजनाओं पर 3,633 करोड़ रुपए खर्च। उन्होंने बताया कि सदस्यों ने 5,088 करोड़ रुपए की विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की अनुशंसा की थी। मंत्री ने सूचना भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 से प्रति विधानमंडल सदस्य की अनुशंसा राशि तीन करोड़ रुपए से बढ़ाकर चार करोड़ रुपए प्रतिवर्ष कर दी गई है। उन्होंने कहा कि 17वीं विधानसभा एवं विधान परिषद के सदस्यों ने वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2025-26 के दौरान विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की अनुशंसा की है। मंत्री ने राज्य की विकास दर के बारे में बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में बिहार के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) की वार्षिक वृद्धि दर 13.09 प्रतिशत रही जबकि वर्तमान में प्रति व्यक्ति सकल राज्य घरेलू उत्पाद 76,490 रुपये रहा। यादव ने कहा कि राज्य के विकास से जुड़े आंकड़ों का संग्रह किया जा रहा है और सभी विभागों से संबंधित जानकारी मांगी गई है। उन्होंने कहा कि इन आंकड़ों को संग्रहित कर योजना एवं विकास विभाग तथा बिहार सांख्यिकी निदेशालय के ऑनलाइन पोर्टल पर नियमित रूप से अद्यतन किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत 18वीं लोकसभा के सांसदों की अनुशंसा पर नवंबर 2025 तक स्वीकृत 2,456 योजनाओं में से 1,108 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, जिन पर 117.64 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इसी तरह 17वीं लोकसभा के अंतर्गत सांसदों की अनुशंसा पर स्वीकृत 13,093 योजनाओं में से 12,190 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, जिन पर 621.90 करोड़ रुपए व्यय किए गए हैं। यादव ने कहा कि राज्यसभा सदस्यों की अनुशंसा पर वित्तीय वर्ष 2014-15 से 2025-26 तक स्वीकृत 3,792 योजनाओं में से 2,914 योजनाएं पूरी हो चुकी हैं, जिन पर 261.95 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं, जबकि 868 योजनाएं प्रगति पर हैं। मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना के तहत दो अक्टूबर 2016 से 31 दिसंबर 2025 तक 12वीं या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण 8,76,473 आवेदकों को भत्ता दिया गया, जिस पर 1,267 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। यादव ने बताया कि लोक वित्त समिति के समक्ष वित्तीय वर्ष 2024-25 में 586 योजनाओं की अनुशंसा की गई, जिनकी लागत 1,38,811 करोड़ रुपए है। वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिसंबर 2025 तक 357 योजनाओं की अनुशंसा की गई, जिनकी लागत 1,68,870 करोड़ रुपए है।

## वर्ग पहेली नं. 3315

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 | 7 |
| ■ | ■ | 8 | | 9 | | ■ | 10 | | |
| 11 | | | ■ | 12 | | 13 | ■ | ■ | |
| | ■ | 14 | | | ■ | 15 | | 16 | |
| 17 | 18 | | ■ | ■ | 19 | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | 20 | | | ■ | 21 | | |
| ■ | 22 | | | ■ | 23 | 24 | | ■ | ■ |
| 25 | | ■ | | ■ | ■ | 26 | | | 27 |
| | ■ | ■ | 28 | | | | ■ | ■ | |

*बायें से दायें:-* 1) पूजापाठ; धर्मविधि, 4) एक भाषा, 8) होंठ, 10) पहरेदार 11) एक पशु, 12) उबाऊ; स्वादहीन, 14) पेश किया गया *(न्यायालय में मुक़दमा)*, 15) नष्ट, 17) आदरपूर्वक, 19) सारे, 20) प्रमाण, 21) अन्य उपाय, 22) अत्यंत दुबला-पतला, 23) फिर भी, 25) अनैतिक; गया गुज़रा; निंदनीय, 26) अशुभ, 28) छटपटाना.

*ऊपर से नीचे:-* 2) पक्षधर, 3) ओहदा, 4) गोल दानोंवाली एक फली, 5) मित्र, 6) सौ हज़ार, 7) फूल का रस, 9) छेना, 11) जानने की इच्छा, 13) कारण, 16) सूक्ष्म, 18) एक त्यौहार, 19) निरंतर, 20) सकुशल, 21) जंगल, 24) पकड़ना, 25) एक धर्मप्रवर्तक, 27) सत्य.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| न | सी | ह | त | ■ | रा | क्ष | स | ■ | न |
| द्वा | ■ | म | ल | य | ज | ■ | म | ग़ | ज़ |
| र | सी | ला | ■ | थे | ■ | त | क | ■ | रं |
| द | ■ | ■ | क | ष्ट | ■ | क | क्षा | ■ | दा |
| ■ | सं | पू | र्ण | ■ | चां | दी | ■ | सा | ज़ |
| बाँ | ग | ■ | धा | तु | ■ | र | ह | म | ■ |
| ■ | म | ग | र | ■ | क | ■ | स | ना | ह |
| झी | ■ | र | ■ | चा | टु | का | र | ■ | त्या |
| ना | का | म | या | बी | ■ | ■ | त | ■ | गा |

## सुडोकू-पहेली-3273

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | 3 | | | 9 | |
| | | | 1 | 7 | 9 | | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| 5 | | | 8 | | 2 | 3 | | |
| 8 | 3 | | | | | | | |
| | 5 | | | | 8 | 7 | | 6 |
| | | 6 | | | 1 | | | |
| | | 9 | 7 | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3272 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 2 | 5 | 7 | 1 | 6 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 6 | 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 |
| 3 | 9 | 7 | 8 | 4 | 6 | 5 | 1 | 2 |
| 9 | 8 | 5 | 4 | 6 | 3 | 7 | 2 | 1 |
| 4 | 2 | 1 | 7 | 5 | 9 | 3 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 1 | 8 | 9 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 4 | 3 | 9 | 5 | 2 | 7 | 8 |
| 7 | 5 | 8 | 6 | 2 | 4 | 1 | 3 | 9 |
| 2 | 3 | 9 | 1 | 8 | 7 | 4 | 6 | 5 |

# मतदाता सूची में अवैध बांग्लादेशी या रोहिंग्या घुसपैठियों की संख्या स्पष्ट करे चुनाव आयोग : अभिषेक बनर्जी

**दक्षिण दिनाजपुर :** तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और पार्टी के लोकसभा सदस्य अभिषेक बनर्जी ने बुधवार को मतदाता सूची को लेकर चुनाव आयोग (ईसीआई) की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने चुनाव आयोग से राज्य की मसौदा मतदाता सूची से हटाए गए 58.20 लाख मतदाताओं की सूची में अवैध बांग्लादेशी या रोहिंग्या घुसपैठियों की सही संख्या स्पष्ट करने को कहा। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य में कोई चुनावी बढ़त बनाने में असमर्थ है। इसीलिए वे विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर चुनाव आयोग के माध्यम से राज्य की जनता को परेशान कर रहे हैं। मैं उन मतदाताओं की सूची में अवैध बांग्लादेशी या रोहिंग्या घुसपैठियों की सही संख्या जानना चाहता हूं, जिन्हें पहले ही बाहर कर दिया गया है। इस दिन, जिले के बालुरघाट में उन्होंने दावा किया कि पुनरीक्षण प्रक्रिया से उत्पन्न दबाव



और दहशत के कारण राज्य में बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) सहित कुल 65 लोगों की मृत्यु हो चुकी है, जब से यह प्रक्रिया पिछले साल नवंबर में शुरू हुई थी। अभिषेक ने सवाल किया कि इन दुर्भाग्यपूर्ण मौतों के लिए कौन जिम्मेदार है? राज्य की जनता के प्रति इस आक्रोश का क्या कारण है? उन्होंने बालुरघाट से भाजपा के लोकसभा सांसद और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार पर हाल ही में महाराष्ट्र में गिरफ्तार किए गए और परेशान किए गए क्षेत्र के दो प्रवासी श्रमिकों की जिम्मेदारी न लेने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राजनीति जनता के कल्याण के लिए होती है। क्या मजूमदार की उन लोगों के प्रति कोई जिम्मेदारी नहीं है जिन्होंने उन्हें लोकसभा के लिए चुना है? लोग उनके निर्वाचन क्षेत्र के विकास में उनके योगदान को जानना चाहते हैं। मैं उन्हें इस संबंध में एक रिपोर्ट कार्ड जारी करने की चुनौती देता हूं। उन्होंने आगे कहा कि महाराष्ट्र में दो स्थानीय प्रवासी श्रमिकों को केवल इसलिए गिरफ्तार किया गया और उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया क्योंकि वे बंगाली भाषी थे। तृणमूल कांग्रेस के महासचिव ने कहा, मजूमदार भी बंगाली भाषी हैं। इसलिए इस तर्क से वे भी बांग्लादेशी हैं।

### ममता ने 15 साल पहले नेताई गांव में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर नेताई कांड के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने लिखा कि नेताई के शहीदों को वह विनम्र श्रद्धा और प्रणाम अर्पित करती हैं। मुख्यमंत्री ने अपने पोस्ट में कहा कि आज ही वर्ष 2011 में झाड़ग्राम जिले के नेताई गांव में हिंसा में नौ निर्दोष लोगों की जान चली गई थी। उन्होंने इस घटना को याद करते हुए नेताई के सभी शहीदों के प्रति गहरी संवेदना और सम्मान व्यक्त किया। ममता ने कहा कि नेताई के उन सभी शहीदों की कुर्बानी को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने उनके परिजनों के प्रति भी अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं और कहा कि यह दिन हमें हिंसा के खिलाफ एकजुट होकर शांति और मानवता के पक्ष में खड़े रहने की याद दिलाता है।

## गंगासागर मेला : यात्रियों की सुरक्षा को लेकर ओसी को विशेष निर्देश, अफवाहों पर नजर रखेगा लालबाज़ार

### यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष बसों की व्यवस्था, रास्ते में कियोस्क से चाय-पानी

**कोलकाता, समाज्ञा :** गंगासागर यात्रा के मद्देनज़र तीर्थयात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए कोलकाता पुलिस मुख्यालय लालबाज़ार ने सभी थाना प्रभारियों (ओसी) और अधिकारियों को विशेष निर्देश जारी किए हैं। यात्रियों की आवाजाही, सुरक्षा व्यवस्था और किसी भी तरह की असुविधा से निपटने के लिए व्यापक कदम उठाए जा रहे हैं। लालबाज़ार के निर्देश पर कोलकाता और दक्षिण 24 परगना की सीमा पर ठाकुरपुकुर के चड़ियाल इलाके में पुलिस ने एक विशेष कियोस्क स्थापित किया है। गंगासागर जाने वाले अधिकांश तीर्थयात्री बेहाला-ठाकुरपुकुर होते हुए डायमंड हार्बर रोड से आगे बढ़ते हैं। यात्रियों और वाहन चालकों की सुविधा के लिए सड़क पर विशेष संकेत चिह्न लगाए गए हैं। पुलिस के इस कियोस्क से यात्रियों को पानी, सूखा भोजन, बिस्कुट और चाय उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ ही कियोस्क में मेडिकल किट भी रखी गई है। 24 घंटे पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे ताकि किसी यात्री के बीमार पड़ने पर प्राथमिक उपचार किया जा सके और जरूरत पड़ने पर अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था हो। इसके अलावा, यदि किसी बस में खराबी आती है और यात्रियों की यात्रा प्रभावित होने की आशंका होती है, तो उनके लिए अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की गई है। ठाकुरपुकुर इलाके में अतिरिक्त बसें तैयार रखी गई हैं, ताकि किसी भी स्थिति में गंगासागर यात्रा बाधित न हो। इस पूरी व्यवस्था के लिए कोलकाता पुलिस दक्षिण 24 परगना और डायमंड हार्बर जिला पुलिस के साथ लगातार समन्वय बनाए हुए है। इधर, मैदान इलाके में भी साधु-संतों और तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़ने लगी है। उनकी सुरक्षा के लिए मैदान क्षेत्र में अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और पुलिस की सतत निगरानी जारी है। साथ ही, सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अफवाह या भ्रामक सूचना को रोकने के लिए लालबाज़ार विशेष निगरानी रख रहा है, ताकि शांति और सौहार्द बना रहे।



कोलकाता के पुलिस आयुक्त मोनज वर्मा अन्य आला अधिकारियों के साथ आउट्राम घाट का निरीक्षण करते

## 'अमर्त्य सेन, शमी और देव को भेजे गए नोटिस जांच का हिस्सा', एसआईआर समन पर बवाल के बीच सीईओ की सफाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव से पहले विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चर्चा और सियासत दोनों तेज है। वहीं, अब राज्य में चर्चित नामों को भेजे गए चुनावी नोटिस पर उठे विवाद के बीच मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय ने स्थिति स्पष्ट की है। कार्यालय ने साफ किया कि नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन, क्रिकेटर मोहम्मद शमी और तृणमूल सांसद देव को को भेजे गए विशेष गहन संशोधन सुनवाई के नोटिस किसी को निशाना बनाकर नहीं भेजे गए थे, बल्कि यह पूरी तरह नियमित और नियमों के तहत की गई चुनावी जांच प्रक्रिया का हिस्सा हैं। दरअसल, इन प्रसिद्ध लोगों को नोटिस मिलने के बाद राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर विवाद खड़ा हो गया था। इस पर, सफाई देते हुए सीईओ कार्यालय ने कहा कि इन सभी मतदाताओं के गणना फॉर्म में जरूरी जानकारी अधूरी थी। सीईओ कार्यालय के अनुसार, जांच के दौरान पाया गया कि संबंधित मतदाताओं ने अपने फॉर्म में अनिवार्य 'लिंकेज कॉलम' खाली छोड़ दिए थे।

**✒ अमर्त्य सेन व उनकी माता की आयु का अंतर 15 वर्ष से कम**

अमर्त्य सेन के मामले में सीईओ कार्यालय ने बताया कि उन्होंने ओवरसीज वोटर (विदेश में रहने वाले मतदाता) के रूप में अपना फॉर्म जमा किया था। यह फॉर्म उनके एक परिजन शांतभानु सेन ने रिसीव किया और उसमें अमर्त्य सेन को उनकी मां अमिता सेन से जोड़ा गया। लेकिन समस्या यह थी कि अमर्त्य सेन और उनकी मां की उम्र में अंतर 15 साल से कम दिखाया गया। कार्यालय ने इसे एक तार्किक गड़बड़ी थी। इसी वजह से ईआरओ नेट पोर्टल ने इस मामले को डिस्क्रेपेंसी के रूप में चिन्हित किया और नियमों के अनुसार नोटिस जारी हो गया। कार्यालय ने साफ कहा कि डॉ. अमर्त्य सेन को नोटिस अन्य समान मामलों की तरह ही भेजा गया, इसमें कोई अलग व्यवहार नहीं किया गया। सीईओ कार्यालय ने यह भी बताया कि अमर्त्य सेन की उम्र 85 वर्ष से अधिक होने के कारण, उन्हें दफ्तर बुलाने के बजाय ईआरओ/एईआरओ और बीएलओ खुद उनके घर गए। वहीं जाकर सारी औपचारिकताएं पूरी की गईं।

**✒ सभी के लिए एक जैसा नियम**

सीईओ कार्यालय ने अंत में स्पष्ट किया कि पूरी प्रक्रिया चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार की गई। किसी भी व्यक्ति के साथ विशेष या चयनित व्यवहार नहीं किया गया। सभी मामलों में एक जैसा और समान नियम लागू किया गया।

## न्यूनतम वेतन 15 हजार की मांग पर आशा कर्मियों ने स्वास्थ्य भवन का किया घेराव

**✒ प्रदर्शनकारियों के साथ पुलिस की धक्का-मुक्की**

**कोलकाता, समाज्ञा :** न्यूनतम वेतन 15 हजार करने सहित कई मांगों को लेकर बुधवार को आशा कर्मियों ने साल्टलेक स्थित स्वास्थ्य भवन का घेराव किया। अभियान के दौरान हालात उस समय तनावपूर्ण हो गए, जब पुलिस ने मार्च को आगे बढ़ने से रोकने की कोशिश की। इसके बाद, आशा कर्मियों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई और पूरा इलाका कुछ देर के लिए रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। इस दिन, आशा कर्मियों ने पहले से घोषित कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य भवन तक मार्च निकाला था। जैसे ही जुलूस आगे बढ़ा, पुलिस ने बैरिकेड लगाकर उन्हें रोक दिया। इससे नाराज आशा कर्मी उग्र हो गए और एक के बाद एक



बैरिकेड तोड़ते हुए आगे बढ़ने लगे। कई स्थानों पर पुलिस के साथ उनकी झड़प भी हुई। स्थिति को संभालने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि राज्य भर में लगभग तीन हजार आशा कर्मी कार्यरत हैं। लंबे समय से वे न्यूनतम वेतन 15 हजार रुपये करने की मांग कर रहे हैं। उनका आरोप है कि भत्तों में कुछ बढ़ोतरी जरूर की गई है, लेकिन वह महंगाई के मुकाबले नाकाफी है और इससे उनकी मूल समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है। आशा कर्मियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो वे स्वास्थ्य भवन के सामने अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे। फिलहाल, बड़ी संख्या में आशा कर्मी स्वास्थ्य भवन के मुख्य गेट के बाहर बैठकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। सुरक्षा के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग का गेट बंद कर दिया गया है और इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

## हवाई यात्रा के दौरान जर्मन यात्री की तबीयत बिगड़ी, कोलकाता में आपात लैंडिंग

**कोलकाता, समाज्ञा :** उड़ान के दौरान एक विदेशी यात्री के अचानक गंभीर रूप से बीमार पड़ जाने के बाद विमान को बुधवार की दोपहर आपात स्थिति में कोलकाता उतारना पड़ा। जर्मन नागरिक लुडविग मैनफ्रेड बुहलर (66) को फिलहाल महानगर के ईएम बाइपास इलाका स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, उन्हें सिवियर ब्रेन हेमरेज हुआ है और तत्काल ऑपरेशन की जरूरत बताई गई है। बताया गया है कि वियतनाम एयरलाइंस की एक अंतरराष्ट्रीय उड़ान 276 यात्रियों को लेकर फ्रैंकफर्ट से हनोई जा रही थी। इसी फ्लाइट में लुडविग मैनफ्रेड बुहलर अकेले यात्रा कर रहे थे। उड़ान के दौरान अचानक उन्हें असहज महसूस हुआ और उनकी हालत तेजी से बिगड़ने लगी। स्थिति गंभीर होते देख पायलट ने वाराणसी के ऊपर आकाश में रहते हुए कोलकाता के एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क किया और एक यात्री की तबीयत बिगड़ने की सूचना दी। इसके बाद, तुरंत निर्णय लेते हुए विमान मोड़ा गया और कोलकाता एयरपोर्ट पर उतारा गया। विमान के उतरते ही एयरपोर्ट पर मौजूद चिकित्सकों की टीम ने यात्री की प्राथमिक जांच की। जांच के बाद, उनकी हालत को देखते हुए उन्हें तुरंत ईएम बाइपास के पास स्थित एक निजी अस्पताल में भेजा गया। अस्पताल में किए गए परीक्षण में सिवियर ब्रेन हेमरेज की पुष्टि हुई है। डॉक्टरों के अनुसार, मरीज की स्थिति नाजुक बनी हुई है और ऑपरेशन बेहद जरूरी है। चूंकि, लुडविग मैनफ्रेड बुहलर अकेले यात्रा कर रहे थे, इसलिए अस्पताल प्रशासन ने जर्मन दूतावास से संपर्क करना शुरू कर दिया ताकि आगे की चिकित्सा प्रक्रिया और औपचारिकताओं को लेकर समन्वय किया जा सके। फिलहाल, मरीज अस्पताल में भर्ती है और डॉक्टरों की एक विशेष टीम उसकी निगरानी कर रही है।

ॐ श्री सद्गुरुदेवाय नमः

यथार्थ गीता प्रचार सेवा समिति

Regd. of Societies of W.B. Act. XXVI of 1961, No. S0010404 of 2019-2020

मान्यवर,

अखिल ब्रह्माण्ड नायक श्री सद्गुरुदेव भगवान की असीम अनुकम्पा से प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी यथार्थ गीता प्रचार सेवा समिति द्वारा आयोजित गंगासागर तीर्थयात्री सेवा शिविर, आउटराम घाट (बाबूघाट) मोहनबगान क्लब के पीछे, कोलकाता में सम्पन्न होगा।

अतएव सभी महानुभावों से विनम्र निवेदन है कि आप सभी शिविर में पधार कर पुण्य के भागी बनें।

शुभारम्भ
गुरुवार, 8 जनवरी 2026
दोपहर 3 बजे

समापन
गुरुवार, 15 जनवरी 2026
सायं 4 बजे

उद्घाटनकर्ता
श्री कृष्ण देव शुक्ल
सुप्रसिद्ध समाजसेवी

कार्यक्रम अध्यक्ष
आचार्य राकेश पाण्डेय
वरिष्ठ ज्योतिषाचार्य

गौरीशंकर पाण्डेय — चेयरमैन
आशीष कुमार तिवारी — शिविर प्रबंधक
गंगासागर तिवारी, वेदप्रकाश पाठक — संयोजक
निखिलेश मिश्र — सचिव
विकास सारस्वत (सी.ए.) — कोषाध्यक्ष
विनय कुमार तिवारी — अध्यक्ष

मंच संचालक : सुरेन्द्र प्रसाद दुबे

निवेदक :
यथार्थ गीता प्रचार सेवा समिति
M. : 9831993923 / 9883098901 / 8334966121 / 6394358253

## टैटू हटवाने के बावजूद सीएपीएफ कांस्टेबल पद के लिए अयोग्य घोषित अभ्यर्थी की हाई कोर्ट ने याचिका की खारिज

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में कांस्टेबल की नौकरी के इच्छुक उस व्यक्ति की याचिका खारिज कर दी, जिसने शरीर के विभिन्न भागों पर टैटू के निशान होने के कारण उम्मीदवारी खारिज किये जाने के फैसले को चुनौती दी थी। अभ्यर्थी ने मेडिकल परीक्षा से पहले वे टैटू हटा दिये थे, लेकिन उनके निशान बाकी थे। हाई कोर्ट ने कहा कि किसी उम्मीदवार के स्वास्थ्य का मूल्यांकन उस स्थिति के आधार पर होना चाहिए, जो विस्तृत मेडिकल जांच वाले दिन थी। जस्टिस सौगत भट्टाचार्य ने कहा कि अगर मेडिकल जांच में कोई गड़बड़ी हो, तो उम्मीदवार को मेडिकल बोर्ड से दोबारा (रिव्यू) जांच कराने का अधिकार है। साथ ही, अदालत ने यह भी साफ किया कि खुद को फिट घोषित कराने के लिए विस्तृत मेडिकल जांच के बाद और पुन: जांच से पहले टैटू हटवाना स्वीकार्य नहीं है। इसी आधार पर अदालत ने उम्मीदवार की याचिका खारिज कर दी। अदालत ने बताया कि उम्मीदवार की विस्तृत मेडिकल जांच 3 दिसंबर और फिर से मेडिकल जांच 6 दिसंबर, 2025 को हुई थी। जज ने कहा कि रिकॉर्ड से लगता है कि 3 दिसंबर को उम्मीदवार के शरीर पर टैटू थे। उसने 6 दिसंबर को पुन: जांच से पहले उन्हें हटाने की कोशिश की। अदालत ने कहा कि इस तरह का व्यवहार सही नहीं माना जा सकता। यह उम्मीदवार सीएपीएफ में कांस्टेबल पद पर भर्ती की प्रक्रिया में शामिल था। उसे शरीर पर टैटू के निशान होने के कारण मेडिकल रूप से अनफिट घोषित किया गया था।

## राज्य को सुरक्षित और समृद्ध बनाने के लिए यह लड़ाई निर्णायक होगी : दिलीप घोष

**✒ हाबरा में परिवर्तन संकल्प सभा में भाजपा नेता ने तृणमूल सरकार पर बोला तीखा हमला**

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के हाबरा में बुधवार की शाम आयोजित भाजपा की परिवर्तन संकल्प सभा में वरिष्ठ नेता दिलीप घोष ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य आज निर्णायक मोड़ पर खड़ा है और राज्य को बचाने के लिए वर्ष 2026 में परिवर्तन अनिवार्य है। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस सरकार की नीतियों के कारण अवैध घुसपैठ बढ़ी है और इससे राज्य की सामाजिक-सांस्कृतिक पहचान खतरे में पड़ रही है। दिलीप घोष ने कहा कि हाबरा और आसपास का क्षेत्र मुख्यतः हिंदू शरणार्थियों का है, जो 1947 और 1971 के दौरान बांग्लादेश से जान



बचाकर यहां आए थे। उन्होंने कहा कि जिन परिस्थितियों ने तब हिंदुओं को पलायन के लिए मजबूर किया था, आज वही ताकतें फिर से पश्चिम बंगाल में सक्रिय हो रही हैं। भाजपा नेता ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि घुसपैठ और उसके कथित राजनीतिक संरक्षण के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का समय आ गया है। सभा में भाजपा के वरिष्ठ नेता शमिक भट्टाचार्य भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता अब जाग चुकी है और परिवर्तन के लिए मन बना चुकी है। उनके अनुसार, हाबरा की सभा में उमड़ा जनसैलाब इस बात का प्रमाण है कि लोग भाजपा पर भरोसा जता रहे हैं। सभा के अंत में दिलीप घोष ने जनता से एकजुट होकर 2026 के विधानसभा चुनाव में सत्ता परिवर्तन का संकल्प लेने का आह्वान किया और कहा कि पश्चिम बंगाल को सुरक्षित और समृद्ध बनाने के लिए यह लड़ाई निर्णायक होगी।

### शुभेंदु अधिकारी ने नंदीग्राम और नेताई के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा नेता व नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अलग-अलग पोस्ट के माध्यम से नंदीग्राम और नेताई के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। पहले पोस्ट में उन्होंने सात जनवरी 2007 को शहीद तर्पण दिवस के अवसर पर नंदीग्राम भूमि रक्षा आंदोलन के तीन अमर शहीदों को सश्रद्ध प्रणाम किया। उन्होंने नंदीग्राम आंदोलन को अन्याय और दमन के खिलाफ जनसंघर्ष का प्रतीक बताते हुए पोस्ट के अंत में लिखा कि जय जय नंदीग्राम। दूसरे पोस्ट में, शुभेंदु अधिकारी ने सात जनवरी 2011 को झाड़ग्राम जिले के नेताई गांव में हुई सामूहिक हत्या की घटना को याद किया और उसमें मारे गए शहीदों के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नेताई के शहीदों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता और उनकी कुर्बानी अन्याय के खिलाफ संघर्ष की प्रेरणा देती रहेगी।

## विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने घोषित की नई प्रदेश कमेटी

### अनुभव और युवा नेतृत्व का संतुलन, कई पुराने चेहरे बाहर

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने राज्य की नई राज्य समिति की घोषणा कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष शमीक भट्टाचार्य के कार्यभार संभालने के करीब छह महीने बाद सामने आई इस सूची में बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। नई समिति में जहां कई पुराने और प्रभावशाली चेहरों को बाहर कर दिया गया है, वहीं कई नए नेताओं को अहम जिम्मेदारी देकर संगठन में संतुलन साधने की कोशिश की गई है। नई राज्य समिति कुल 30 सदस्यों की है। इसमें प्रदेश अध्यक्ष शमीक भट्टाचार्य के साथ 12 उपाध्यक्ष, पांच महासचिव और 12 सचिव शामिल किए गए हैं। उपाध्यक्ष पद पर कई बदलाव किए गए हैं। पहले महासचिव की जिम्मेदारी संभाल चुके अग्निमित्रा पाल और जगन्नाथ चट्टोपाध्याय को प्रमोशन देकर उपाध्यक्ष बनाया गया है। विधायक दीपक बर्मन, जो अब तक महासचिव थे, उन्हें भी उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा, मनोज टिग्गा, तनुजा चक्रवर्ती और अमिताभ राय को नए चेहरे के तौर पर उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसी पद पर तृणमूल कांग्रेस से आए तापस राय और पूर्व केंद्रीय मंत्री निशीथ प्रमाणिक को भी जगह दी गई है।

महासचिव पद पर भी बड़ा फेरबदल हुआ है। पार्टी ने लॉकेट चटर्जी और ज्योतिर्मय सिंह महतो को दोबारा महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं, विष्णुपुर से सांसद सौमित्र खां और शशि अग्निहोत्री को पहली बार इस अहम पद पर लाया गया है। बापी गोस्वामी को भी महासचिव बनाए रखा गया है। राज्य समिति के 12 सचिवों की सूची में भी कई नए और पुराने चेहरों का मिश्रण है। शंकर घोष, दीपांजन गुहा, सोनाली मुर्मू, मनोज पांडेय, अम्लान भादुड़ी, महादेव सरकार, शखारव सरकार, सिंटू सेनापति, सरबरी मुखोपाध्याय, मोहन शर्मा, विभा मजुमदार और संजय बर्मा को सचिव बनाया गया है। मोर्चा स्तर पर भी बदलाव किए गए हैं। युवा मोर्चा की जिम्मेदारी इंद्रनील खान और महिला मोर्चा की जिम्मेदारी फाल्गुनी पात्र को बरकरार रखी गई है। वहीं, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष पद पर सांसद खगेन मुर्मू को नया चेहरा बनाया गया है। इससे पहले यह जिम्मेदारी चार्ल्स नंदी के पास थी, जिन्हें इस बार हटा दिया गया है। किसान मोर्चा में भी बदलाव हुआ है। पहले इसके अध्यक्ष महादेव सरकार थे, लेकिन अब यह जिम्मेदारी राजीव भौमिक को सौंपी गई है।

कुल मिलाकर नई राज्य समिति से यह साफ है कि विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने संगठन में बड़े स्तर पर बदलाव करते हुए कुछ पुराने चेहरों को बाहर का रास्ता दिखाया है और कई नए नेताओं को आगे बढ़ाया है। पार्टी नेतृत्व का फोकस इस बार सामाजिक संतुलन, क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व और चुनावी धार को मजबूत करने पर दिख रहा है।

।। परहित सरिस धर्म नहि भाई।।

अखिल भारतीय
आजमगढ़ सेवा संघ

सेवा, संस्कार एवं संगठन के क्षेत्र में अग्रणी संस्था

सेवा समर्पित 40 वर्ष

गंगासागर तीर्थयात्री सेवा शिविर

कैम्प नं. 39, आउट्रामघाट (मोहन बगान ग्राउण्ड के पीछे), कोलकाता

40 वर्ष से लगातार सेवाभावी संस्था के रूप में कार्य करते हुए आजमगढ़ सेवा संघ इस वर्ष भी शिविर में सेवा कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। अतः आप महानुभावों से निवेदन है कि उक्त अवसर पर पधारकर सेवा का अवसर प्रदान करें।

उद्घाटन समारोह

8 जनवरी, 2026 गुरुवार सायं 5 बजे

उद्घाटनकर्ता : श्री अभयनारायण सिंह (प्रसिद्ध व्यवसायी एवं समाजसेवी)
चेयरमैन : श्री ब्रह्मदेव जायसवाल (प्रसिद्ध व्यवसायी एवं समाजसेवी)
समारोह अध्यक्ष : श्री धीरेन्द्र सिंह राजपूत (प्रसिद्ध व्यवसायी एवं समाजसेवी)

स्वयं दान करें एवम् दूसरों को दान के लिए प्रेरित करें

अध्यक्ष : रामानुज सिंह, प्रधान सचिव : वेद कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष : वैद्यनाथ चौधरी
शिविर प्रबंधक : प्रेम नारायण सिंह, लालता सिंह, प्रमोद सिंह, अनिल सिंह
मंच संचालक : अजीत दूबे

# एसएससी : 1,806 'अयोग्य' उम्मीदवारों की सूची में गंभीर खामियां, हाई कोर्ट ने नई सूची जारी करने का दिया निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) द्वारा प्रकाशित 1,806 'अयोग्य' उम्मीदवारों की सूची में गंभीर खामियां हैं-ऐसा अवलोकन करते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट ने आयोग को कड़ी फटकार लगाई है। न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने स्पष्ट किया कि मौजूदा सूची में उम्मीदवारों के स्कूल, जिला या यह जानकारी नहीं है कि वे किस श्रेणी में 'टेंटेड' (दागी) माने गए हैं। अदालत ने निर्देश दिया है कि सभी आवश्यक विवरणों के साथ एक नई, पूर्ण और स्पष्ट सूची जारी की जाए। अदालत ने साफ किया कि रैंक जंप,



ओएमआर शीट में गड़बड़ी, अतिरिक्त नियुक्ति और मैनिपुलेशन से जुड़े मामलों को अलग-अलग श्रेणियों में दर्शाना होगा। प्रत्येक उम्मीदवार के सामने यह स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिए कि वह किस श्रेणी में अयोग्य ठहराया गया है। हाई कोर्ट ने निर्देश दिया है कि यह नई सूची 11 फरवरी तक प्रकाशित की जाए। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता फिरदौस शमीम ने सवाल उठाया कि पूर्ण सूची से आयोग का क्या आशय है। उनका कहना था कि जब तक यह स्पष्ट नहीं होगा कि कौन 'टेंटेड' है और किस श्रेणी में आता है, तब तक सूची का कोई अर्थ नहीं है। उन्होंने नाम, रोल नंबर, श्रेणी, पिता का नाम, स्कूल और जिले का विवरण शामिल करने की मांग की। साथ ही, जिन उम्मीदवारों ने मैनिपुलेशन किया लेकिन अंततः नौकरी नहीं पाई, उन्हें भी अयोग्य मानने की दलील दी गई। अधिवक्ता प्रतीक धर ने अदालत को बताया कि योग्य और अयोग्य के बीच स्पष्ट विभाजन बेहद जरूरी है, क्योंकि कई शिक्षक पिछले 6-7 वर्षों से नौकरी कर रहे हैं। इस पर न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने आयोग से तीखे सवाल पूछते हुए कहा कि यदि श्रेणियां स्पष्ट नहीं हैं, तो सूची को पूर्ण नहीं माना जा सकता। मामले की अगली सुनवाई 11 फरवरी को होगी।

## अलीपुर कोर्ट ने 'अयोग्य' अभ्यर्थियों की चार्जशीट और दस्तावेजों की प्रति की मांग की खारिज, हाई कोर्ट जाने की तैयारी

स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) की भर्ती प्रक्रिया से जुड़े मामलों में एक बार फिर 'टेंटेड' यानी दागी घोषित किए गए अभ्यर्थियों ने कानूनी लड़ाई तेज कर दी है। किन जांचों और किन दस्तावेजों के आधार पर उन्हें 'टेंटेड' करार दिया गया, इसकी जानकारी पाने के लिए अभ्यर्थियों के एक वर्ग ने अलीपुर सीबीआई अदालत का दरवाजा खटखटाया। उन्होंने मांग की कि एसएससी भर्ती मामले में सीबीआई द्वारा दाखिल चार्जशीट और संबंधित सभी दस्तावेजों की प्रतिलिपि उन्हें उपलब्ध कराई जाए। अभ्यर्थियों की ओर से दलील दी गई कि इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर उन्हें दागी घोषित किया गया है, जबकि बिना दस्तावेज दिखाए ही उनके खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की गई, जो कानूनसम्मत नहीं है। उनका कहना था कि जब तक आरोपों का आधार स्पष्ट नहीं होगा, तब तक वे अपना पक्ष भी ठीक से नहीं रख सकते। हालांकि, अलीपुर सीबीआई अदालत ने इस याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता न तो इस मामले में अभियुक्त हैं और न ही गवाह। ऐसे में आपराधिक कानून के तहत केवल अभियुक्तों और गवाहों को ही चार्जशीट और मामले से जुड़े दस्तावेजों की प्रति पाने का अधिकार है। अदालत के इस फैसले से असंतुष्ट 'टेंटेड' अभ्यर्थियों के एक हिस्से ने अब कलकत्ता हाई कोर्ट का रुख करने की तैयारी शुरू कर दी है। उनका तर्क है कि एक ओर उन्हें दागी करार दिया गया है, वहीं दूसरी ओर औपचारिक रूप से अभियुक्त भी नहीं बनाया गया, जिससे उन्हें आत्मपक्ष रखने का कोई अवसर नहीं मिल पा रहा है।

## माध्यमिक परीक्षा- 2026 : 20 जनवरी को मिलेगी एडमिट कार्ड

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 2026 की माध्यमिक परीक्षा के एडमिट कार्ड वितरण की तारीख और प्रक्रिया की घोषणा कर दी है। बोर्ड की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, 20 जनवरी को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक जिला-स्तरीय कैंप कार्यालयों से स्कूलों को एडमिट कार्ड प्रदान किए जाएंगे। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि स्कूल प्रबंधन कैंप कार्यालयों से एडमिट कार्ड प्राप्त कर अपने-अपने परीक्षार्थियों को वितरित करेंगे। छात्रों को सीधे बोर्ड से एडमिट कार्ड नहीं दिया जाएगा। बोर्ड के अनुसार, माध्यमिक परीक्षा 2026 की शुरुआत 2 फरवरी से होगी और परीक्षा 12 फरवरी को समाप्त होगी। निर्धारित समयसीमा के भीतर एडमिट कार्ड का वितरण पूरा करने के निर्देश सभी स्कूलों को दिए गए हैं, ताकि परीक्षा से पहले किसी भी तरह की असुविधा न हो।

## सर्दियों में फ्लू और निमोनिया से बचाव जरूरी, डॉक्टरों ने बताए 5 अहम उपाय

**कोलकाता, समाज्ञा :** सर्दियों की शुरुआत के साथ ही फ्लू, जुकाम और निमोनिया जैसी श्वसन संबंधी बीमारियों के मामले तेजी से बढ़ने लगते हैं। ठंड के मौसम में वायरस अधिक सक्रिय हो जाते हैं, जिससे संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि समय पर सावधानी और जांच से इन बीमारियों से बचाव संभव है। फ्लू और निमोनिया के लक्षण अक्सर एक जैसे होते हैं, जिनमें तेज बुखार, खांसी, थकान, गले में खराश, बदन दर्द और सांस लेने में दिक्कत शामिल है। ऐसे लक्षण लंबे समय तक बने रहने पर डॉक्टर से संपर्क करना जरूरी है। दिल्ली स्थित डॉ. अरुण वाधवा क्लिनिक के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अरुण वाधवा (एमबीबीएस, एमडी-पीडियाट्रिक्स) के अनुसार, सर्दियों में बढ़ते संक्रमण को हल्के में नहीं लेना चाहिए। समय पर जांच से जटिलताओं से बचा जा सकता है।

## एमवे इंडिया ने तेज, डिजिटल और भरोसेमंद होम डिलीवरी सेवाओं के साथ अनुभव बदला

**कोलकाता, समाज्ञा :** एमवे इंडिया ने अपनी होम डिलीवरी सेवाओं को और तेज व सहज बनाने के लिए बड़े स्तर पर सुधार किए हैं। कंपनी ने बताया कि अब उसकी डिलीवरी पहुंच देश के 90 प्रतिशत से अधिक पिनकोड्स तक हो चुकी है, जिससे ग्राहकों को पहले की तुलना में तेज और भरोसेमंद सेवा मिल रही है। एमवे के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में औसत डिलीवरी समय 48 प्रतिशत घटकर 1.6 दिन रह गया है, जबकि नेक्स्ट-डे डिलीवरी की हिस्सेदारी 55 प्रतिशत से अधिक हो गई है। यह सुधार मजबूत लॉजिस्टिक्स नेटवर्क, बेहतर राष्ट्रीय साझेदारियों और एकीकृत डिजिटल ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म के जरिए संभव हुआ है। एमवे इंडिया के एमडी रजनीश चोपड़ा ने कहा कि डिस्ट्रीब्यूटर्स और ग्राहक कंपनी की रणनीति के केंद्र में हैं और होम डिलीवरी को एक अहम स्तंभ के रूप में विकसित किया जा रहा है। सीनियर वाइस प्रेसिडेंट संजीव सूरी के अनुसार, एडवांस्ड एनालिटिक्स और रियल-टाइम ट्रैकिंग से डिलीवरी की विश्वसनीयता और ग्राहक अनुभव में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

## लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना नाट्य उत्सव

**हुगली, समाज्ञा :** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से चुंचुड़ा स्थित रविंद्र भवन में नाट्य उत्सव का आयोजन किया गया। बांसबेड़िया स्टेशन रोड की मंचदर्पण नाट्य संस्था की ओर से 11वां 'नव रंगरस नाट्य उत्सव 2026' का भव्य शुभारंभ हुआ। यह नाट्य उत्सव 8 जनवरी तक चलेगा। इस उत्सव में पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों से चयनित नौ श्रेष्ठ नाट्य दल भाग ले रहे हैं, जो अपने-अपने सर्वश्रेष्ठ नाटकों का मंचन कर रहे हैं। बांसबेड़िया मंचदर्पण की ओर से प्रख्यात नाटककार मनोज मित्र द्वारा रचित नाटक तक्षक का मंचन किया जाएगा। नाट्य उत्सव के उद्घाटन समारोह में रंगमंच जगत के उज्ज्वल नक्षत्र एवं विशिष्ट नाटककार मैनाक सेनगुप्ता सहित अनेक गण्यमान्य व्यक्तित्व उपस्थित रहे। बांसबेड़िया मंचदर्पण संस्था सामाजिक और नाट्य चेतना को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से नियमित रूप से नाट्य सेमिनार, थिएटर वर्कशॉप और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है। यह नाट्य उत्सव न केवल रंगमंच प्रेमियों के लिए एक सांस्कृतिक उत्सव है, बल्कि नई पीढ़ी के कलाकारों के लिए भी प्रेरणा का एक महत्वपूर्ण स्रोत बनकर उभर रहा है।

## आज यथार्थ गीता प्रचार सेवा समिति के सेवा शिविर का होगा उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** मकर संक्रांति के मौके पर गंगासागर में मोक्ष की डुबकी लगाने जाने वाले तीर्थयात्रियों की सेवा में आउट्राम घाट पर लगे यथार्थ गीता प्रचार सेवा समिति के सेवा शिविर का उद्घाटन आज परम पूज्य सद्गुरु देव भगवान स्वामी अड़गड़ानंद महाराज के कृपा पात्र श्रद्धा बाबा के द्वारा संपन्न होगा। उद्घाटन समारेह में कई गणमान्य अतिथि उपस्थि रहेंगे।

## नदिया में दो बसों की आमने-सामने की टक्कर, बच्चे समेत तीन की मौत व दस घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के धुबुलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बहादुरपुर इलाके में बुधवार दोपहर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 पर एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई। दो यात्री बसों की आमने-सामने टक्कर में एक बच्चे सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कम से कम दस यात्री घायल हो गए। मृतकों की पहचान धुबुलिया निवासी झड़ू शेख (50), सोनडांगा के रफिद शेख (6) और रोजिना खातून (25) के रूप में हुई है।

# मतुआ का नाम नहीं कटेगा, बांग्लादेशी-रोहिंग्याओं को जगह नहीं : शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव की आहट के बीच राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)को लेकर सियासी पारा चढ़ा हुआ है। नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने मतदाता सूची को लेकर एक बड़ा और विस्फोटक बयान दिया है। उत्तर 24 परगना के बनगांव में आयोजित 'मतुआ धर्म महासम्मेलन' को संबोधित करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि वह किसी भी हाल में किसी हिंदू शरणार्थी या मतुआ समुदाय के व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट से हटने नहीं देंगे, जबकि किसी भी 'बांग्लादेशी व रोहिंग्या' का नाम सूची में रहने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने भाजपा विधायक अशोक कीर्तनिया द्वारा आयोजित इस विशाल सभा में हजारों मतुआ



धर्मावलंबियों को आश्वस्त किया कि उनके अधिकारों की रक्षा की जाएगी। इस दौरान, उन्होंने तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी के आगामी ठाकुरनगर दौरे पर भी तीखा हमला बोला। नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि मंदिर में किसी के भी आने पर पाबंदी नहीं है, लेकिन उन्हें मतुआ रीति-रिवाजों का पालन करना होगा। शुभेंदु ने तंज कसते हुए कहा कि मंदिर में आने से पहले पुलिसिया धौंस दिखाना या जूतों के साथ प्रवेश करना मतुआ समाज बर्दाश्त नहीं करेगा।

# पश्चिम बंगाल के 45+ युवा नेताओं को विकसित भारत युवा संवाद 2026 के लिए रवाना

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल से चयनित 45 से अधिक युवा नेतृत्वकर्ताओं के प्रतिनिधिमंडल को बुधवार को नई दिल्ली के लिए रवाना किया गया। ये युवा विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 में भाग लेंगे, जो 9 से 12 जनवरी 2026 तक नई दिल्ली के भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। राज्य स्तर से विदाई समारोह का आयोजन ऐतिहासिक विक्टोरिया मेमोरियल परिसर में किया गया। इस अवसर पर दुबराजपुर के विधायक अनूप कुमार साहा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने चयनित युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि इस राष्ट्रीय पहल में देशभर से 50 लाख से अधिक



युवाओं ने भाग लिया, जिनमें से 15 हजार प्रतिभागी राज्य स्तरीय चरण तक पहुंचे। इनमें से पश्चिम बंगाल के 45 से अधिक युवाओं का चयन राष्ट्रीय संवाद के लिए किया गया है। श्री साहा ने कहा कि ये युवा चार दिवसीय कार्यक्रम के दौरान अपने विचार और नवाचार प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि चयनित प्रतिभागी 'विकसित भारत' के निर्माण में महत्वपूर्ण भागीदार हैं। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026, राष्ट्रीय युवा महोत्सव का दूसरा संस्करण है, जिसका समापन समारोह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में आयोजित होगा।

## श्याम स्टील ने भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** टीएमटी सरिया बनाने वाली श्याम स्टील ने बुधवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की। इस साझेदारी के तहत कौर कंपनी के डिजिटल घर निर्माण सहायता मंच से जुड़ेंगी, जो घर मालिकों को योजना बनाने, सामग्री चुनने, निर्माण कराने और अंतिम कब्जा लेने तक हर कदम पर मदद करता है। श्याम स्टील के निदेशक ललित बेरीवाला ने कहा कि यह साझेदारी अनुशासन, संकल्प और विश्वसनीयता जैसे मूल्यों में साझा विश्वास को दर्शाती है, जो कंपनी और हरमनप्रीत कौर दोनों को परिभाषित करते हैं। इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए कौर ने कहा कि ब्रांड का सटीक और जिम्मेदार विकल्पों के जरिए एक मजबूत भारत बनाने का दृष्टिकोण उनके खिलाड़ी और टीम की कप्तान के रूप में अनुभव से मेल खाता है। घर निर्माण, सुरक्षा और दीर्घकालिक निवेश से जुड़े फैसलों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को देखते हुए कंपनी ने कहा कि कौर का नेतृत्व और लचीलापन जिम्मेदारी के साथ ताकत के उसके मूल मूल्यों को दर्शाता है। कंपनी की निदेशक मेघा बरीवाला गुप्ता ने कहा कि अब महिलाएं घर बनाने और अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने में मुख्य निर्णयकर्ता बन गई हैं और यह साझेदारी ब्रांड की अधिक समावेशी दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# हावड़ा-रिसड़ा सेक्शन में हावड़ा डिवीजन ने विशेष मोबाइल टिकट जांच अभियान किया शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने हावड़ा-रिसड़ा सेक्शन में स्थानीय ट्रेनों में विशेष मोबाइल टिकट जांच अभियान चलाया। इसका उद्देश्य टिकटिंग अनुशासन को मजबूत करना और उपनगरीय यात्रियों में जिम्मेदार यात्रा की भावना को बढ़ावा देना था। अभियान का नेतृत्व पूर्व रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (पी-सीसीएम) डॉ. उदय शंकर झा और हावड़ा के डीसीएम एच. एन. गांगोपाध्याय ने किया। इस अभियान में 2 कमर्शियल इंस्पेक्टर, 22 टिकट चेकिंग स्टाफ और 2 आरपीएफ कर्मी सहयोगी के रूप में शामिल रहे। जांच के दौरान कुल 407 टिकट संबंधित मामलों का पता चला,



जिसमें 317 टिकट रहित यात्राएं, 62 बिना बुकिंग के सामान और 28 कचरा फेंकने के मामले शामिल थे। अभियान ने रेलवे नियमों का पालन सुनिश्चित करने और उपनगरीय ट्रेनों में सफाई बनाए रखने की आवश्यकता को रेखांकित किया। यात्रियों से बातचीत में पीसीसीएम ने वैध टिकट के साथ यात्रा करने और रेलवन ऐप के माध्यम से आसान ऑनलाइन बुकिंग करने की सलाह दी। साथ ही, पीसीसीएम और हावड़ा के डीसीएम ने रिसड़ा के हेस्टिंग्स जूट मिल का दौरा कर माल ढुलाई की संभावनाओं और लोडिंग से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।

## समाजसेवी व व्यवसायी बिरजू कुमार साव का निधन



**कोलकाता, समाज्ञा :** बड़ाबाजार के निवासी समाजसेवी और जूट बैग के व्यवसाय से जुड़े बिरजू कुमार साव का निधन कोलकाता मेडिकल कॉलेज में हो गया। वे पिछले पांच दिन से अस्पताल में भर्ती थे। वे अपने पीछे पत्नी के अलावा एक पुत्री और दो पुत्रों का परिवार छोड़ गए हैं।

# ज्ञानी-प्रेमी भक्त थे प्रह्लाद : स्वामी गिरिशानंद

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्राचीन समय में गुण के आधार पर बच्चों का नाम रखा जाता था। लड़कों का नाम देवताओं के और लड़कियों के नाम देवियों के नाम पर रखा जाता था। नाम का असर जीवन को प्रभावित करता था। भक्त प्रह्लाद सनतकुमार के अवतार थे। प्रह्लाद का अर्थ है जो पूर्ण आनंद में जीता है और दूसरों को भी आनंद देता है। विषम परिस्थितियों में जो आनंदित रहता है वह होता है प्रह्लाद। जो भक्त होते हैं उन्हें जीवन विभिन्न विपरीत परिस्थितियों जीना पड़ा पर सदा आनंद में रमे रहे, जैसे-मीरा,तुल-सीदास, नरसी मेहता, प्रह्लाद आदि। भक्त के जीवन में परेशानी आती है पर उसकी शिकायत प्रभु से नहीं करते भक्त को जो दंडित करते हैं, उसका भी भक्त कल्याण चाहते हैं। भगवान नृसिंह ने जब हिरण्यकश्यपु का बध किया तब प्रह्लालाद ने उनसे यही स्तुति करते हुए कहा कि मेरे पिता को सद्गति दें और अपने धाम में जगह दें। जिस घर में प्रह्लाद जैसा



व्यासपीठ पर विराजमान परमहंस स्वामी गिरिशानंद महाराज को माल्यार्पण करते अरविन्द नेवर

शीलवान, ज्ञानी-प्रेमी भक्त होता है उसकी 21 पीढ़ियां को प्रभु उद्धार कर देते हैं। ये बातें संगीत कला मंदिर व संगीत कला मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में श्रीमद्भागवत कथा के अंतर्गत भक्त प्रह्लालाद चरित्र पर प्रवचन करते हुए परम पूज्य परमहंस स्वामी गिरिशानंद सरस्वती महाराज ने संगीत कला मंदिर सभागार में कही। इस अवसर संस्था के ट्रस्टी अरविन्द नेवर श्रद्धालुओं का स्वागत करते व्यासपीठ पर विराजमान स्वामी जी की आध्यात्मिक यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि ब्रह्मलीन स्वामी अखंडानंद सरस्वती महाराज के परम शिष्य हैं। इस मौके पर मंजू नेवर, सुधीर जालान, विनोद माहेश्वरी, शीला झुनझुनवाला, मुरारीलाल दीवान, बीएसएफ के कमांडेट मनोज राय, राजू चौधरी, पूर्णिमा तुलसीदास, संदीप अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल, सरिता हिम्मतसिंहका, बबीता दीवान, संगीता राय, अमिता दीवान, सरिता अग्रवाल, प्रभात पंसारी, किशन रूंगटा, रामकथावाचक पुरुषोत्तम तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मेक इन इंडिया वंदे भारत स्लीपर ट्रेन हावड़ा-गुवाहाटी मार्ग पर यात्रियों के लिए है तैयार

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेलवे ने देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के परिचालन की तैयारियां पूरी कर ली हैं, जो हावड़ा और गुवाहाटी (कमाख्या) के बीच चलेगी। यह नई सेवा पश्चिम बंगाल और असम के नौ जिलों से गुजरते हुए पूर्वी भारत और उत्तर-पूर्व के बीच लंबी दूरी की रेल कनेक्टिविटी को बढ़ाएगी और यात्रियों को तेज, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का अनुभव प्रदान करेगी। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन मेक इन इंडिया पहल का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। इसके तीन मुख्य सिस्टम-बोगी, प्रणोदन प्रणाली और वाहन नियंत्रण प्रणाली-पूरी तरह से भारत में डिजाइन और विकसित किए गए हैं, जिससे यह पूरी तरह देशीय ट्रेन सेट बन गई है। उच्च गति के लिए डिजाइन की गई यह ट्रेन अधिकतम 180 किमी प्रति घंटे की गति हासिल कर सकती है, जबकि इस सेवा में इसे सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए



130 किमी प्रति घंटे की गति पर चलाया जाएगा। ट्रेन में यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वदेशी ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम कावच, इमरजेंसी टॉक बैक सिस्टम और आधुनिक कीटाणुनाशक तकनीक का उपयोग किया गया है। ड्राइवर कैब अत्याधुनिक नियंत्रण प्रणाली से लैस है, जबकि इसकी एयरोडायनामिक बाहरी डिजाइन ऊर्जा दक्षता और स्थिरता बढ़ाती है। ऑटोमैटिक बाहरी दरवाजे यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा में और सुधार करते हैं।

## कोल इंडिया की इकाई ईसीएल हरियाली का आकलन करने को कर रही एआई ड्रोन का उपयोग

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) ने पश्चिम बंगाल के सोनपुर-बाजारी खनन क्षेत्र में हरियाली की स्थिति का आकलन करने और भूमि के वैज्ञानिक सुधार के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) संचालित ड्रोन का उपयोग शुरू किया है। कंपनी ने बताया कि इस आकलन में ड्रोन आधारित मानचित्र, भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) और ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) की मदद से क्षेत्र में पौधों और हरियाली की स्थिति का विश्लेषण तथा जमीनी स्तर पर पारिस्थितिक का सर्वेक्षण किया जा रहा है। कंपनी के बयान के अनुसार, इस कार्य में ड्रोन सर्वेक्षण और उन्नत भू-स्थानिक तकनीक का उपयोग करके पौधारोपण की प्रगति और पर्यावरण की बहाली का मूल्यांकन किया जा रहा है। यह अध्ययन केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीआईएमएफआर) कर रहा है। ईसीएल ने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) और ड्रोन प्रौद्योगिकियों के उपयोग से पर्यावरण निगरानी में सटीकता, व्यापकता और निरंतरता बढ़ती है, जिससे खदान बंद करने की योजना और दीर्घकालिक पारिस्थितिक प्रबंधन के लिए बेहतर और पूरी जानकारी के साथ सोच-विचार कर निर्णय लेने में मदद मिलती है।

## सैमसंग गैलेक्सी बुक6 लॉन्च, स्लीक डिजाइन के साथ एआई-पावर्ड प्रोडक्टिविटी और एडवांस्ड परफॉर्मेंस

**कोलकाता, समाज्ञा :** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने सीईएस 2026 के मंच से अपनी नई गैलेक्सी बुक6 सीरीज को पेश किया है। यह सीरीज एआई-पावर्ड प्रोडक्टिविटी, उन्नत परफॉर्मेंस और आकर्षक स्लीक डिजाइन का बेहतरीन संयोजन प्रस्तुत करती है। गैलेक्सी बुक6 सीरीज में गैलेक्सी बुक6 अल्ट्रा, गैलेक्सी बुक6 प्रो और गैलेक्सी बुक6 मॉडल शामिल हैं। इंटेल 18ए तकनीक पर आधारित इंटेल कोर अल्ट्रा सीरीज 3 प्रोसेसर से लैस ये लैपटॉप तेज प्रोसेसिंग, स्मूद मल्टीटास्किंग और लंबी बैटरी लाइफ प्रदान करने में सक्षम हैं। वहीं, गैलेक्सी बुक6 अल्ट्रा में नवीनतम एनवीडिया जिफोर्स आरटीएक्स 5070/5060 जीपीयू दिए गए हैं, जो हाई-स्पीड एआई इमेज जनरेशन, वीडियो एडिटिंग और गेमिंग अनुभव को एक नए स्तर पर ले जाते हैं। सैमसंग के एमएक्स बिजनेस प्रमुख वॉन-जून चोई के अनुसार, गैलेक्सी बुक6 सीरीज स्पीड, पावर और भरोसेमंद एआई के साथ उपयोगकर्ताओं को बेहतरीन प्रोडक्टिविटी और क्रिएटिविटी का अनुभव देगी। यह सीरीज जनवरी 2026 के अंत से चुनिंदा बाजारों में उपलब्ध होगी।

## अहंकार का धनुष तोड़ने पर ही हर 'राम' को मिलेगी 'सीता' : पं. शंभुशरण लाटा

**✒ बिका बैंक्वेट बेलूर में श्रीराम कथा के पांचवे दिन श्रीराम जानकी विवाह का उल्लास**

**हावड़ा, समाज्ञा :** शंकराचार्य जी ने लिखा है कि जीव की आत्मा ही राम है और सीता शांति है। हर आत्मा शांति चाहती है चाहे वो मनुष्य हो, चाहे वो जीव-जंतु हो, चाहे गरीब हो, चाहे धनवान हो, चाहे पढ़ा-लिखा हो, चाहे मूर्ख हो, शांति तो सबको चाहिए। लेकिन शांति मिलती कब है? भगवान राम ने जब धनुष तोड़ा तब उन्हें सीता मिली। तो आत्मा रूपी राम को शांति रूपी सीता कब मिलेगी जब जीव अपने अहंकार का धनुष तोड़ेगा। लेकिन दुनिया में यह सबसे कठिन काम है - अपने अहंकार को तोड़ना। मैं कुछ हूं यह अहम रहने तक शांति नहीं मिल सकती चाहे वो कोई भी हो और जिसने इसे तोड़ दिया उसके जीवन में फिर वनवास जैसा भी कष्ट आ जाये तो भी शांति आपका साथ



नहीं छोड़ेगी। यह हम सभी जानते है कि रामजी को वनवास मिला तो सीताजी भी उनके साथ गई । लोग शांति के लिए तरह-तरह के उपाय करते हैं लेकिन अपना अहंकार नहीं तोड़ पाते। 'ये उद्गार धनानिया परिवार की ओर से आयोजित नव-दिवसीय श्रीराम कथा के पंचम दिवस की कथा सुनाते हुए संतश्री शंभुशरण लाटा जी ने व्यक्त किए। उन्होंने आज कथा प्रसंग के अनुसार श्रीराम जानकी विवाह पर अपने सारगर्भित व्याख्यान में कहा कि आजकल लोग शादी-विवाह में बड़े-बुजूर्गों से कोई परामर्श नहीं लेते लेकिन शास्त्र कहता है कि इस बारे में पहले ब्राह्मणों से तो पूछो ही लेकिन फिर अपने परिवार में दादा-नाना-मामा जैसे बड़े-बुजूर्गों से भी सलाह लो। पं. लाटा ने कहा कि आजकल तो विवाह-शादियों में न होने लायक काम हो रहे हैं, मांस-मदिरा का चलन आम बात होती जा रही है। शुभ विवाह कहने से क्या होगा अगर उसमें काम अशुभ होंगे। यही वजह है कि आजकल पति-पत्नी में सुख नहीं है। उन्होंने कहा कि वेद से विरोध में सारे कार्य हो रहे हैं। केक काटना हमारी परम्परा है क्या? लेकिन अब तो मंदिरों में भी केक काटकर भगवान का जन्मदिन मना रहे हैं। गत् 30-40 वर्षों में और तेजी से बढ़ रही इन परम्पराओं का परिणाम भयावह हो रहा है और आगे और बुरा समय आयेगा। यह कथा 11 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2.30 बजे से सायं 6.30 बजे तक चलेगी।

# गंगासागर मेला 2026 में तीर्थयात्रियों के लिए सियालदह डिवीजन करेगा 126 स्पेशल ट्रेनों का संचालन

**कोलकाता, समाज्ञा :** आगामी गंगासागर मेला 2026 के लिए पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन ने तीर्थयात्रियों की आवाजाही को सुचारू बनाने के लिए विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बार डिवीजन ने रिकॉर्ड 126 विशेष ट्रेनों का संचालन करने का निर्णय लिया है, जो पिछले वर्षों में संचालित 72 ट्रेनों से दोगुना है। यह कदम तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए लिया गया है और इसे अब तक की सबसे बड़ी ट्रेन सेवा वृद्धि माना जा रहा है। सियालदह डिवीजन के वरिष्ठ डिविजनल ऑपरेशंस मैनेजर पंकज यादव ने कंट्रोलर्स और मुख्य सुपरवाइजर्स के साथ रणनीतिक बैठक कर संचालन को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए। बैठक में कंट्रोल ऑफिस को



डिवीजन की रीढ़ बताते हुए कहा गया कि 126 विशेष ट्रेनों की सुचारू और सुरक्षित आवाजाही में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी मानवीय गलती को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दक्षता एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। संचालन रणनीति के तहत अधिकारियों और सुपरवाइजर्स को महत्वपूर्ण बिंदुओं पर तैनात किया जाएगा, भीड़ और ट्रेनों की निगरानी की जाएगी और स्टेशन पर भीड़ कम करने के लिए अधिकतम ट्रेनों का संचालन सुनिश्चित किया जाएगा। कंट्रोलर्स को किसी भी लॉजिस्टिक बाधा को पहले से रोकने की जिम्मेदारी दी गई है। इन तैयारियों के साथ सीलदाह डिवीजन गंगासागर मेला 2026 में तीर्थयात्रियों के भारी आगमन को संभालने, तेज और सुरक्षित सेवा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## सैमसंग ने सीईएस 2026 के दौरान 'द फर्स्ट लुक' में 'योर कंपैनियन टू एआई लिविंग' को किया पेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने सीईएस 2026 के दौरान अपने वार्षिक इवेंट 'द फर्स्ट लुक' में 'योर कंपैनियन टू एआई लिविंग' विजन को पेश किया। लास वेगास में आयोजित इस कार्यक्रम में कंपनी ने अगली पीढ़ी के एआई-पावर्ड उपकरणों और स्मार्ट अनुभवों की झलक दिखाई, जो 7 जनवरी तक विशेष प्रदर्शनी में प्रदर्शित किए जाएंगे। सैमसंग के सीईओ और डिवाइस एक्सपीरियंस डिवीजन के प्रमुख टीएम रोह ने बताया कि कंपनी का उद्देश्य एआई को यूजर्स के रोजमर्रा के जीवन का सच्चा साथी बनाना है। उन्होंने कहा कि सैमसंग का कनेक्टेड इकोसिस्टम मोबाइल, टीवी, होम अप्लायंसेज और सर्विसेज को जोड़कर अधिक व्यक्तिगत और सार्थक अनुभव प्रदान करता है। कार्यक्रम में एआई टीवी, उन्नत डिस्प्ले टेक्नोलॉजी, स्मार्ट होम अप्लायंसेज और हेल्थ-केंद्रित कनेक्टेड डिवाइसेज को प्रमुखता से दिखाया गया। सैमसंग के अनुसार, यह विज़न एआई को मनोरंजन, घर और देखभाल के क्षेत्र में एक नए स्तर पर ले जाने की दिशा में बड़ा कदम है।

# ताकि स्वस्थ रहें नए वर्ष में..

नीतू गुप्ता



वैसे तो हम भविष्य का कुछ भी पहले से अनुमान नहीं लगा सकते कि नए वर्ष में हमारा स्वास्थ्य कैसा रहेगा पर हम अपना लाइफ स्टाइल सुधार कर स्वयं को स्वस्थ रखने का प्रयास तो कर सकते हैं। कुछ टिप्स को अपनाकर हम साधारण बीमारियों से दूरी बना सकते हैं।

### डायरिया

तेजी से भागते युग में पौष्टिक आहार का सेवन करना कुछ मुश्किल है, क्योंकि पौष्टिक आहार से ज्यादा जंक फूड का सहारा लेना पड़ता है। कीटनाशक दवाओं के प्रयोग से भी सब्जियां व फल, एलर्जी करते हैं। इन सबसे फूड प्वायजनिंग का होना, पेट दर्द, पेट में गड़बड़ी का होना स्वाभाविक है। कुछ लोग तो जंक और डिब्बाबंद फूड का अत्यधिक सेवन करते हैं। इसके परिणाम स्वरूप डायरिया का होना स्वाभाविक है।

जिन दिनों डायरिया या पेट में कोई भी गड़बड़ी हो, उन दोनों हाई फाइबर और तले हुए खाद्य पदार्थों का सेवन न करें। फल में केला, सेब व नाशपाती लें। खाने में दही, चावल, खिचड़ी, आलू और गाजर की सब्जी का सेवन करें। पीने में नारियल पानी, सब्जियों का सूप, कम वसा वाली छाछ, नींबू पानी और पानी का काफी मात्रा में सेवन करें।

### डीहाइड्रेशन (निर्जलीकरण)

अक्सर गर्मियों में इस साधारण बीमारी से जूझने के अवसर अधिक होते हैं क्योंकि अधिक गर्मी में थोड़ा सा भी पानी कम लेने पर इस समस्या का सामना करना पड़ सकता है। डायरिया और उल्टियां होने पर भी इसका खतरा बढ़ जाता है।

इसके लिए उबले हुए पानी में थोड़ा सा नमक, चीनी और नींबू का रस मिलाकर थोड़ा-थोड़ा करके पिएं। एक साथ अधिक पानी न लें। ताजे फलों का रस, नारियल पानी, सब्जियों का सूप, लस्सी लेते रहें, ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। अगर आप व्यायाम नियमित करते हैं या कोई खेल खेलते हैं तो पानी की प्यास लगने पर ब्रेक में अवश्य फ्रूट जूस या पानी का सेवन करें क्योंकि व्यायाम और खेल के दौरान शरीर से पसीना निकलता है जो शरीर में पानी की कमी ला सकता है। ब्रेक में आप खीरा, तरबूज, केला, सलाद आदि भी ले सकते हैं। ध्यान रखें डिब्बा बंद जूस और साफ्ट ड्रिंक का सेवन न करें।

### चेस्ट कंजेशन

बढ़ते प्रदूषण और मौसम में बदलाव के कारण एलर्जी और इंफेक्शन के केस बढ़ रहे हैं। इन्हें अनदेखा करने से चेस्ट कंजेशन होने का खतरा बढ़ जाता है। जब कभी ऐसी समस्या आ जाए तो शरीर को पूरा आराम दें और पूरी मात्रा में नींद लें। सब्जियों और फलों का सेवन बढ़ा दें। अनन्नास, संतरे खूब खाएं और गोभी का सेवन करें। काली मिर्च चाय में और फलों पर डालकर ले सकते हैं। डाक्टर से परामर्श कर दवाई का सेवन करें।

### मधुमेह

मधुमेह का मुख्य कारण निष्क्रिय जीवन शैली है। निष्क्रिय जीवन शैली से मोटापा भी बढ़ता है और मधुमेह भी, मधुमेह रोगियों को अपने खानपान पर और सक्रिय जीवन शैली पर पूरा ध्यान देना चाहिए। अपना डाइट चार्ट किसी विशेषज्ञ से बनवाएं और उस पर सख्ती से अमल करें। दालों, सब्जियों, फलों, मोटे अनाजों, कम वसा वाले दुग्ध उत्पादों, सूखे मेवों का सेवन नियमित करें और लम्बी सैर, हल्के व्यायाम डाक्टर के परामर्श के अनुसार नियमित करें। अपना चैक अप नियमित करवाते रहें मगर आप दवा ले रहे हैं तो उसे भी नियमित लें।

### ऑस्टियोपोरोसिस

शरीर में विटामिन डी और कैल्शियम की कमी से चुपके से ऑस्टियोपोरोसिस आपके शरीर में प्रवेश कर लेता है। मोटापा और अधिक गरिष्ठ भोजन खाने से भी यह रोग जल्दी लग जाता है। इससे बचाव हेतु प्रोटीन, कैल्शियम, विटामिन डी का नियमित सेवन खाद्य पदार्थों में करते रहें। कैल्शियम रिच खाद्य पदार्थों में कम वसा वाला दूध, चीज, पनीर, दही, वीन्स, मोटे अनाज, बादाम और मछली का सेवन करें ताकि इस रोग से बचा जा सके। सक्रिय जीवी शैली अपनाएं। जोड़ों की सूक्ष्म क्रियाएं, हल्के व्यायाम, योग नियमित करते रहें।

### कुछ और टिप्स

* अप्राकृतिक पेय पदार्थों का सेवन न करें। ताजा फलों का रस अधिक लाभप्रद है।
* अपने आहार में सब्जियों और फलों की मात्रा बढ़ाएं।
* नियमित सैर और व्यायाम करें।
* खूब सारा पानी पियें ताकि विषैले तत्व आपके शरीर पर कब्जा न जमा सकें।
* जंक फूड खाने से अच्छा है कि सलाद, भुने चने व अंकुरित दालों का सेवन करें। (स्वा.द.)

# बहुत लाभ हैं नीम के

संजीव चौधरी 'गोल्डी'

नीम के वृक्ष का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। प्रकृति की इस महत्त्वपूर्ण देन नीम के वृक्ष की पत्तियां, छाल व कोपलें प्राकृतिक चिकित्सा में काम आती हैं। प्राकृतिक रूप से मनुष्य की चिकित्सा करने के लिये नीम को आयुर्वेद में सर्वगुण सम्पन्न वृक्ष माना गया है।

नीम में शीतल कृमिनाशक व सूजन नाशक आदि गुण पाये जाते हैं। नीम की भूमिका विभिन्न रोगों में उपयोगी है। कुष्ठरोग, वात रोग, विष दोष, खांसी, ज्वर, रूधिर, दोष, टी.बी., खुजली आदि दूर करने में सहायक है। प्राकृतिक चिकित्सा में इसका उपयोग प्रमेह, मधुमेह, नेत्रा रोग में भी किया जाता है। नीम में साधारण रूप से कीटाणुनाशक शक्ति है। नयी कोपलों का नित्य प्रति सेवन करने से शरीर स्वस्थ व प्रसन्न रहता है।

नीम के तेल में मार्गोसिन नामक उड़नशील तत्व पाया जाता है। इस तेल की मालिश करने से गठिया व लकवा रोग में लाभ होता है। इसके बीज में 31 प्रतिशत तक एक तेल रहता है जो गहरे पीले रंग का कड़वा, तीखा व दुर्गन्धयुक्त होता है। इस तेल में ओलिक एसिड रहता है।

नीम का उपयोग विषम ज्वर में भी किया जाता है। इसके पानी का उपयोग एनिमा व स्पंज बाथ में किया गया है। बुखार में एक काढ़ा तैयार किया आ सकता है। ज्वर उतारने के लिये नीम के इस काढ़े को आयुर्वेदाचार्यों ने अमृत कहा है। काढ़ा तैयार करने के लिये 250 ग्राम पानी, तुलसी 10 पत्ते, काली मिर्च के 10 पत्ते, नींबू एक, एक टुकड़ा अदरक, नीम की पांच पत्तियां प्रयोग में लायी जाती हैं।



सबसे पहले काली मिर्च व अदरक को पीसकर 250 ग्राम पानी में डालकर नींबू का रस व नीम की पत्तियां डालकर अच्छी तरह उबाला जाता है। पानी आधा रहने पर उसको छानकर उस काढे को पीकर सो जाते हैं जिससे शरीर में पसीना निकलता है। इससे बुखार खांसी व सिरदर्द में लाभ होता है। चर्म रोग में नीम का मरहम उपयोग किया जाता है। शरीर में घाव, चोट आदि ठीक हो जाते हैं। नीम के मरहम में नीम का रस व घी समान मात्रा में मिलाकर नीम का रस छीजकर केवल घी बचा रहता है और मरहम तैयार हो जाता है।

महिलाओं के श्वेत प्रदर रोग में भी नीम लाभकारी है। इस रोग में नीम व बबूल की छाल का काढ़ा तैयार करके श्वेत प्रदर में उपयोग करने से अच्छा लाभ मिलता है। खुजली में नीम की गिरी नित्य खाते रहने से धीरे-धीरे उसकी मात्रा बढ़ाते रहें तथा नीम की कोमल पत्तियां खाने से खुजली रोग में अच्छा लाभ मिलता है। नीम की सूखी पत्तियां, कपड़ों व अनाज में रखने से कपड़ा व अनाज खराब नहीं होता। नीम का वृक्ष आक्सीजन भी अधिक बनाता है, अतः इससे पर्यावरण शुद्ध होता है तथा कुष्ठ, टी.बी., जैसे रोगी भी स्वस्थ हो जाते हैं। प्राकृतिक चिकित्सा में नीम बहुत उपयोगी वृक्ष माना जाता है।

# यूं पायें झुर्रियों व झाइयों से छुटकारा



पूर्णिमा मित्रा

रेशम-सी मुलायम व गुलाबजल जैसी दमकती त्वचा की चाह हर स्त्री को होती है लेकिन वंशानुगत गुण, उचित देखभाल का अभाव, दुर्बलता, प्रदूषित वातावरण, हारमोंस की गड़बड़ी, मानसिक तनाव वगैरह से रंग बदरंग और कांतिहीन होने लगता है। कई बार इसमें झाइयां व झुर्रियां पड़ने लगती हैं जिससे परेशान होकर किशोरियां व युवतियां कीमती बाजारू क्रीम व लोशन आजमाने हेतु लालायित हो उठती हैं।

निम्न मध्यमवर्गीय परिवार की लड़कियां तो ऐसे हालात में मन मसोस कर रह जाती हैं जबकि घरेलू उपायों द्वारा भी विकारयुक्त चेहरे की त्वचा को नया निखार दिया जा सकता है जिनके नियमित इस्तेमाल से झाईयों, मुंहासों, झुर्रियों व दाग धब्बों से छुटकारा पाया जा सकता है।

- तुलसी के पत्तों का रस व नींबू का रस बराबर मात्रा में मिलाकर चेहरे पर लगायें। इससे झाइयां व मुंहासे दूर हो जाते हैं।
- रोज पुदीने की पत्तियां पीसकर उनका रस चेहरे पर लगायें। थोड़ी बाद धो लें। इससे चेहरे की झाइयां धीरे-धीरे मिटने लगेंगी।
- कच्चे नारियल का पानी व जरा सी मलाई को मिलाकर फेंट लें। इसे रोज दो बार चेहरे पर लगाने से दाग धब्बे दूर होकर त्वचा दमकने लगती है।
- एक छोटा चम्मच ककड़ी का रस रोज चेहरे पर लगायें। इससे चेहरे की त्वचा निखरती है।
- रोजाना एक छोटा लाल टमाटर काट लें। इसमें नींबू की कुछ बूंदें मिलाकर चेहरे पर मलें। 10 मिनट बाद चेहरा धो लें। कुछ ही दिन में त्वचा दागरहित हो जायेगी।
- रूखी त्वचा में झुर्रियां जल्दी पड़ जाती हैं जिससे चेहरा निस्तेज व सांवला लगने लगता है। इससे बचने हेतु रात्रि में मलाई व नींबू का रस लगाकर सो जायें। सुबह गुनगुने पानी से चेहरा धो लें।
- समान मात्रा में पुदीने का रस व गुलाबजल का लेप करने से कुछ ही दिन में चेहरे का रंग साफ होने लगता है।
- जायफल को दूध में पीसकर 15 मिनट तक चेहरे पर लगायें। इससे चेहरे के दाब धब्बे दूर हो जायेंगे।
- रोजाना पुदीने का रस व आलू का रस मिलाकर लगाने से भी झाइयां दूर हो जाती हैं।
- संतरे के छिलकों को मलाई में मिलाकर चेहरे पर लगायें। इससे रूखी त्वचा वाला चेहरा, कांतियुक्त हो जाता है।
- झुर्रियों से छुटकारा पाने हेतु कच्चे आलू को पीसकर उसमें ग्लिसरीन, सिरका व गुलाबजल मिलाकर पेस्ट बनाएं। इसे चेहरे पर लगाएं व सूख जाने पर ताजे पानी से धो लें।
- शहद में नींबू का रस मिलाकर लगाने से भी झुर्रियों से छुटकारा पाया जा सकता है।
- एक चम्मच मलाई में तीन-चार रसभरी मसलकर मिला लें। फिर इसे चेहरे पर मलें व लगभग 15 से 20 मिनट बाद धों लें। (स्वा.द.)

# ऐसे निखारें एड़ियां, घुटने और कोहनियां

नीतू गुप्ता

अधिकतर स्त्रियां एड़ियों, घुटनों और कोहनियों को उतना महत्त्व नहीं देती जितना चेहरे और हाथों को। इन अंगों की उपेक्षा करना उचित नहीं है। जहां महिलाएं अपने चेहरे, हाथ, पैर साफ करने में इतना समय लगाती हैं, वहीं थोड़ा-सा ध्यान शरीर के इन अंगों पर देने से आप उन्हें भी उतना ही निखार सकती हैं ताकि देखने वाले के मुंह से अनायास ही निकल जाये कि कितनी खबूसूरत हैं ये एड़ियां और कोहनियां।

इन अंगों की उचित देखभाल न होने से इन पर मैल की परतें जम जाती हैं और वहां की त्वचा काली और रूखी पड़ जाती है जो उपेक्षा का शिकार लगती है। लगातार उपेक्षा त्वचा रोग पैदा कर सकती हैं। अतः उन अंगों को इससे बचाकर रखें।



- ▼ स्नान करने से पूर्व उन पर सप्ताह में दो बार तेल की मालिश करें। फिर थोड़ा नहाते समय साबुन लगाकर स्क्रबर से रगड़ने पर मैल साफ हो जायेगा।
- ▼ पैरों का पैडिक्योर करते रहने से एड़ियां नर्म और साफ बनी रह सकती हैं।
- ▼ नींबू के बचे छिलकों को इन अंगों पर रगड़ें। इससे इन पर जमी मैल और कालापन दूर हो जाएगा।
- ▼ सूती जुराब पर साबुन लगा कर मलने से इन अंगों को साफ रखा जा सकता है।
- ▼ जैतून के तेल से एड़ियों व कोहनियों की मालिश करें।
- ▼ बेसन और हल्दी को मिलाकर लेप लगाने के पन्द्रह मिनट बाद धोने से इनकी मृत त्वचा निकल जाती है।
- ▼ कच्चे आलू को कोहनियों पर रगड़ें।
- ▼ सोने से पहले रात्रि में कोहनी व एड़ियों पर माश्चराइजर लगाएं।
- ▼ फटी एड़ियों पर सरसों के तेल में मोम पका कर लगाएं। फटी एड़ियां ठीक हो जायेंगी।
- ▼ कोहनी, घुटनों पर टमाटर के छिलके रगड़ने से जमा मैल साफ हो जाएगा।
- ▼ एड़ियों पर स्नान करने के बाद सरसों के तेल में थोड़ी सी हल्दी मिला कर मालिश करें। ठंडा मौसम होने पर जुराब से एड़ियों को ढक कर रखें।
- ▼ घुटनों, कोहनियों और एड़ियों की त्वचा सख्त होने पर मलाई व नींबू का रस मलने से त्वचा निखर जायेगी।
- ▼ प्याज का रस मलने से कालेपन को कम किया जा सकता है। (स्वा.द.)

# दवा प्रयोग करने से पूर्व

जरा सा सिरदर्द हो या मामूली बुखार, लोग बिना डाक्टर की सलाह लिए ही मेडिकल स्टोर से दवा ले लेते हैं और इसका परिणाम यह होता है कि दवा उल्टा असर शुरू कर देती है और आप को लेने के देने पड़ जाते हैं। अतः दवा लेने से पूर्व निम्नलिखित बातें ध्यान रखें:-



- ■ दवा डाक्टर के परामर्शानुसार ही लें।
- ■ दवा खरीदते समय उसकी एक्सपायरी डेट अवश्य देख लें।
- ■ दवा की उचित मात्रा ही खायें। आराम न मिलने पर डाक्टर की सलाह पर ही दवा की मात्रा में वृद्धि करनी चाहिए।
- ■ कृपया देख लें कि दवा दूध, पानी, चाय या अन्य किस चीज के साथ खानी है।
- ■ यह भी ध्यान रखें कि दवा को निराहार मुंह खाया जा सकता है अथवा नहीं।
- ■ कृपया ध्यानपूर्वक देख लें कि द्रवीय दवा अथवा सीरप में कोई कीड़ा या कूड़ा तो नहीं गिर गया है।
- ■ जो दवा पीस कर बच्चों को खिलानी हो उसे सावधानीपूर्वक स्वच्छता के साथ पीसना चाहिए।
- ■ एक साथ कई रोगों की दवाई लेनी हो तो विशेष सावधानी बरतें। देख लें कहीं एक दवा दूसरी दवा के प्रभाव को खत्म तो नहीं कर देगी अथवा उसके साथ मिलकर हानिकारक प्रभाव तो नहीं डालेगा।
- ■ डाक्टर बदलने पर दूसरे डाक्टर को पहले डाक्टर दी हुई दवाओं के बारे में अवश्य बता देना चाहिए।
- ■ जो दवा खाने वाली हो, उसे शरीर पर कभी नहीं लगाना चाहिए और लगाने वाली दवा को कभी भी खाना नहीं चाहिए। (स्वा.द.)

# यूं बचाएं बच्चे को दमा से

आकाश अग्रवाल

आंकड़ों की मानें तो विशेषज्ञों का मानना है कि वर्तमान में लगभग 4 करोड़ 10 लाख लोग अस्थमा अर्थात् दमा से पीड़ित हैं। इन पीड़ितों में हर आयु वर्ग के लोग शामिल हैं। यद्यपि पहले दमा वयस्क लोगों पर अधिक हमला बोला करता था पर अब ऐसा नहीं है। अब तो इस रोग से हर वर्ग के लोग पीड़ित हैं। देश में न जाने कितने ऐसे बच्चे होंगे जो इस रोग से ग्रस्त हैं।

### रोग होने के कारण:-

यह रोग दिनों-दिन अपनी जड़ें जन-मानस में जमाता जा रहा है। दरअसल इसका कारण तेजी से बढ़ता प्रदूषण, विकृत व आधुनिक-असंयमित खान-पान, भोजन में तैलीय पदार्थों की अधिकता, धूल-धुआं भरे स्थान में अधिक समय तक रहना, लम्बे समय तक सर्दी-जुकाम व खांसी आदि कारणों से दमा शनैः-शनैः अपने पैर जमाने लगता है।

बच्चों में दमा होने का एक मुख्य कारण औषधियों का अत्यधिक प्रयोग भी है। आज-कल के माता-पिता बच्चों को थोड़ा-बहुत जुकाम या खांसी या अन्य व्याधि हुई नहीं कि तुरंत डॉक्टर से दवा लिखवा लाते हैं। कुछ अभिभावक तो हर समय अपने बच्चों को कोई न कोई दवा खिलाते रहते हैं। परिणामतः उनकी रोग-प्रतिरोधक क्षमता पर ऐसा कुठाराघात होता है कि वे फिर अन्य रोगों के चंगुल में तुरन्त फंस जाते हैं। दमा भी एण्टीबायोटिक्स के अत्यधिक प्रयोग का नतीजा हो सकता है। यह तथ्य अनुसंधानों से प्रमाणित हो गया है।

वैज्ञानिकों ने अपने शोध-निष्कर्षों के उपरांत बताया है कि बच्चों को अगर एण्टीबायोटिक दवाओं से बचाए रखा जाए तो उन्हें दमा के प्रकोप से बचाया जा सकता है। इन रिपोर्टों से स्वतः ही स्पष्ट हो जाता है कि दमा अब बच्चों को भी होने लगा है।

उपरोक्त कारणों के अतिरिक्त अधिक मात्रा में ठण्डा-गरम भोजन करने, मोटापा, आनुवंशिकता, एलर्जी, वसा की अधिकता आदि से भी दमा होने की स्थितियां प्रबल होने लगती हैं, वायरस या जीवाणुओं से श्वसन तंत्र में सूजन, सायनस की सूजन, अत्यधिक मानसिक वेदना आदि कारण भी दमा के अटैक के लिए जिम्मेदार बताए गए हैं।

### दमा के लक्षण:-

दमा होने पर सांस लेने में तकलीफ होना, सांस फूलना, जुकाम, कफ या बलगम गिरना, सांस में सीटी-सी बजना, नाक जाम हो जाना या नाक बहना, सायनस में सूजन, नाक में मांस बढ़ जाना, अत्यधिक पसीना, थकावट, कमजोरी आदि लक्षण परिलक्षित होते हैं। दमा में प्रायः सांस लेने में दिक्कत ज्यादा आती है। ऐसा फेफड़ों में संक्रमण के कारण होता है।



### बचाव हेतु उपाय:-

- ◆ बच्चों के दमा से पीड़ित होने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। दमा से बचाव हेतु निम्न उपायों को अपनाएं।
- ◆ घर में ऐसी वस्तुओं का संग्रह न करें जिससे धूल-मिट्टी इकट्ठी होती हो। अतः धूल को इकट्ठा करने वाली वस्तुओं जैसे फर्नीचर, पर्दों, गद्दों आदि की या तो नियमित सफाई की जानी चाहिए या इनकी संख्या कम रखें।
- ◆ घर में किसी को दमा होने या बच्चों के पीड़ित होने पर धूम्रपान आदि कतई न करें।
- ◆ जहां तक हो सके, तीव्र गंधों के प्रयोग से बचें।
- ◆ अगरबत्तियां, मच्छर भगाने वाली अगरबत्तियों का कम से कम प्रयोग करें। तीव्र गन्धों व इत्रों के प्रयोग से फेफड़ों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।
- ◆ बच्चे को भरपूर पानी पिलाते रहें। पानी शरीर के विजातीय द्रव्यों को बाहर निकाल देता है।
- ◆ बच्चों के खान-पान पर गंभीरता से ध्यान दें। तलीभुनी, मसालेदार एवं तैलीय खाद्य-पदार्थों का कम से कम सेवन करें। अत्यधिक वसा श्वास-नलिकाओं को जाम कर देता है। जिससे सांस लेने में दिक्कत आने लगती है।
- ◆ व्यायाम के महत्त्व को भी कम नहीं आंका जा सकता। हर संभव बच्चों में नियमित व्यायाम करने की आदत का विकास करें। शवासन, प्राणायाम, सुबह की सैर आदि श्रेयस्कर हैं।

उपरोक्त उपायों के अतिरिक्त बच्चों को हर समय या आए-दिन एण्टीबायोटिक्स दवाओं का प्रयोग कम-से-कम ही कराना चाहिए। यदि किसी प्रकार से रोग नियंत्राण में न आ रहा हो तो तत्काल चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। आधुनिक अनुसंधानों से स्पष्ट हो चुका है कि अस्थमा या दमा के रोगी में मूल व्याधि श्वास नलिकाओं में सूजन या प्रदाह का होना है। अतः लापरवाही बरतना निस्संदेह घातक हो सकता है। (स्वा.द.)

# सेहत की खबरें

सोनी मल्होत्रा

## मधुमेह के रोगियों के लिए आवश्यक है रक्तचाप पर नियंत्रण

मधुमेह के रोगियों को सबसे अधिक ध्यान देना पड़ता है 'ब्लड शुगर' की मात्रा पर लेकिन इससे भी जरूरी है रक्तचाप पर ध्यान देना। नवीनतम शोधों के अनुसार अगर व्यक्ति टाइप-टू डायबिटीज का रोगी है तो उसे अपने रक्तचाप पर नियंत्रण रखना बेहद जरूरी होता है।

अभी तक विशेषज्ञ मधुमेह के रोगियों में अंधेपन, गुर्दो को नुकसान पहुंचने जैसी सम्भावनाएं न हों, इसके लिए रक्त में शर्करा के स्तर पर नियंत्रण पर ही अपना फोकस रखते थे पर ब्रिटेन में हुए एक शोध के अनुसार मधुमेह के रोगियों में हृदय रोगों के होने की संभावना कम करने में रक्त-शर्करा से भी अधिक महत्त्वपूर्ण है रक्तचाप पर नियंत्रण ।

अमेरिकन कॉलेज आफ फिजिशयन्स के नवीनतम दिशानिर्देशों के अनुसार मधुमेह के रोगियों का रक्तचाप 135/80 या इससे कम होना चाहिए। इससे थोड़ा भी अधिक होना हृदय रोगों की संभावना को दुगुना कर देता है। अभी न तो विशेषज्ञ और न ही रोगी इस ओर अधिक ध्यान देते रहे हैं पर नवीनतम शोधों ने इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता को सिद्ध किया है। अगर आप भी मधुमेह के रोगी हैं तो ब्लड शुगर के साथ-साथ 'ब्लड प्रेशर' पर भी नियंत्रण रखें।

## मोटापा व्यक्ति की आयु सीमा को कम कर सकता है

हार्टफेल हो जाने से जितनी मौतें होती हैं उतनी ही मोटापे के कारण भी। विशेषज्ञों का मानना है कि मोटापा व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए उतना ही हानिकारक है जितना व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए 'हार्टफेल' हो जाना। यही नहीं, एक शोध में यह भी पाया गया कि मोटापे से ग्रस्त व्यक्ति दवाइयों पर भी सामान्य वजन वाले व्यक्ति से अधिक खर्चा करता है। विलियम बयोमोंट हास्पिटल के विशेषज्ञ पीटर मेककोलोग ने अपने शोध में 43 बहुत अधिक मोटापे से ग्रस्त व्यक्ति, 235 हार्टफेल से ग्रस्त रोगी और 222 ऐसे व्यक्ति जो मोटापे से ग्रस्त थे पर बहुत कम, का तुलनात्मक अध्ययन किया।

जो व्यक्ति बहुत अधिक मोटापे से ग्रस्त थे, उनका वजन सामान्य से 45 किलो अधिक था, इस अध्ययन में विशेषज्ञों ने पाया कि ये व्यक्ति सामान्य वजन वाले व्यक्तियों से लगभग 15 वर्ष पहले ही मृत्यु का ग्रस्त बन गए। हार्ट फेल से ग्रस्त व्यक्तियों में भी आधे से अधिक पांच वर्ष के भीतर ही मृत्यु का ग्रास बन गए। इसलिए विशेषज्ञों का मानना है कि मोटापे पर नियंत्रण बहुत आवश्यक है नहीं तो व्यक्ति अपनी आयु सीमा खुद ही कम कर लेगा।

## आशावादी बनिए, रोगों से दूर रहिए

अगर आप आशावादी हैं तो आप लंबी उम्र जिएंगे। नीदरलैण्ड के विशेषज्ञों ने अपने एक अध्ययन के फलस्वरूप पाया कि अधिक आशावादी व्यक्ति निराशावादी व्यक्ति की अपेक्षा लंबी आयु जीते हैं। इस अध्ययन में 65-85 वर्ष की आयु के लगभग 941 व्यक्तियों से उनके स्वास्थ्य, आशावाद, उनकी रिलेशनशिप, आत्मसम्मान से संबंधित कई प्रश्नों के जवाबों को जाना गया। फिर इन व्यक्तियों को उनके आशावाद के स्तर के अनुरूप चार ग्रुपों में बांटा गया। यह अध्ययन लगभग 10 वर्ष तक किया गया और 10 वर्ष के उपरांत इनमें से 397 व्यक्तियों की विभिन्न कारणों से मृत्यु हुई।

विशेषज्ञों के अनुसार जिन व्यक्तियों में आशावाद का स्तर सबसे अधिक ऊंचा था, उस ग्रुप में अन्य की तुलना में 55 प्रतिशत मृत्यु की संभावना कम पाई गई। यही नहीं, इनमें हृदय रोगों के कारण होने वाली मृत्यु की संभावना भी लगभग 23 प्रतिशत कम पाई गई। विशेषज्ञों का मानना है कि आशावादी होना कई गंभीर रोगों की संभावना तो कम करता ही है, साथ ही आशावादी लोग गंभीर रोगों का सामना भी बहादुरी से करते हैं। उनमें जीने की चाहत होती है जबकि निराशावादी व्यक्ति रोगों से घबरा कर जीने की चाह छोड़ देते हैं।

## मस्तिष्क को नुकसान पहुंचाता है अल्कोहल

यूनिवर्सिटी आफ नॉर्थ कैलिफोर्निया के विशेषज्ञों द्वारा किए गए एक शोध के अनुसार अल्कोहल का अधिक सेवन मस्तिष्क की मृत्यु का कारण बन सकता है। इस शोध में वयस्क चूहों को लगातार चार दिन तक अल्कोहल की इतनी मात्रा का सेवन करवाया गया कि वे नशे के आदी हो जाएं। अल्कोहल के अधिक सेवन के कारण मस्तिष्क की रचना व उसके कार्यकलाप को नुकसान पहुंचता है। याद रखने की क्षमता में भी क्षीणता देखने को मिली। इसलिए इस नशे से दूर रहना ही व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।

हृदयाघात व पक्षाघात से तो सुरक्षा देती हैं फल-सब्जियां पर कैंसर से नहीं

हाल ही में नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट के जर्नल में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार फलों व सब्जियों का अधिक सेवन हृदयाघात व पक्षाघात की संभावना को तो कम कर सकता है पर कैंसर की संभावना को कम नहीं करता। बोस्टन हावर्ड स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के विशेषज्ञ डॉ. वाल्टर व उनके सहयोगियों ने फलों व सब्जियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव को जाना। इस शोध में उन्होंने 71,910 महिलाओं व 37,725 पुरूषों की डाइट का विश्लेषण किया।

शोध के प्रारंभ में सभी पुरूष व महिलाएं पूर्णतः स्वस्थ थे। यह शोध लगभग 18 वर्ष तक चला और शोध के दौरान समय-समय पर विशेषज्ञों ने इन पुरूषों व महिलाओं द्वारा ली जाने वाली डाइट को जाना। 18 वर्ष पश्चात् इनमें से महिलाओं में लगभग 9329 और पुरूषों में 4957 कैंसर, हृदयाघात व पक्षाघात के कारण मृत्यु का शिकार हुए। विशेषज्ञ अपने शोध के निष्कर्ष में इस बात पर पहुंचे कि प्रतिदिन 4-5 बार फल व सब्जियों का सेवन करने वाले व्यक्तियों में फल व सब्जियों का बिलकुल न सेवन करने वाले व्यक्तियों की तुलना में हृदयाघात व पक्षाघात होने की संभावना 12 प्रतिशत कम पाई गई पर कैंसर की संभावना में कोई कमी नहीं देखी गई।

विशेषज्ञ इस बात को भी जान पाएं कि हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने वाले व्यक्ति को पक्षाघात व हृदयाघात होने की संभावना सबसे कम रही। हरी पत्तेदार सब्जियों की प्रतिदिन एक सर्विंग ही इन गंभीर रोगों की संभावना 11 प्रतिशत कम करती है। इसलिए भले ही आप फलों व सब्जियों को अपनी डाइट में अधिक मात्रा में शामिल न कर पाएं पर हरी पत्तेदार सब्जियों को अपनी डाइट में अवश्य स्थान दें। (स्वा. द.)

# करें शिशुओं के नेत्रों की देखभाल



श्वेता कोहली

शिशुओं एवं छोटे बच्चों के नेत्र बड़े ही नाजुक होते हैं। उनकी आंखें मुलायम होती हैं और धूल मिट्टी, मक्खी, मच्छर आदि का इन पर बहुत प्रभाव पड़ता है। कई बार चेचक जैसे रोगों के कारण हुई सूजन की वजह से बच्चे अंधे हो जाते हैं। शिशुओं की आंखें जन्म के बाद सफाई न रखने के कारण अक्सर खराब हो जाती हैं। इसलिए शिशुओं की आंखों की देखभाल करनी चाहिए। इसके लिए निम्न बातों का ध्यान दें।

- बच्चे के जन्म के बाद उसके नेत्रों में बोरिक जिंक ड्राप्स के घोल की कुछ बूँदें डाल दें।
- जन्म के बाद चेचक का टीका अवश्य लगाएं।
- मक्खी, मच्छर का ध्यान रखें। इनके बैठने से आंखों में सूजन हो सकती है।
- घर, आंगन, कमरा आदि साफ रखें ताकि मक्खी, मच्छर न आएं।
- बच्चे को प्रतिदिन मल-मलकर स्नान कराएं। हाथ मुंह साफ रखें।
- बच्चे के कपड़े साफ रखें और अलग धोएं।
- बच्चे को स्वच्छ, ताजा, बढ़िया खाना दें।
- बच्चे के नहाने का टब, साबुन, मग, तौलिया आदि स्वच्छ एवं अलग रखें।
- बच्चे की आंखें स्वच्छ मलमल के कपड़े से साफ करें। (स्वा. द.)

## न्यूज इन ब्रीफ

### कर्नाटक में चीनी मिल के बॉयलर में विस्फोट, दो लोगों की मौत

**बेलगावी (कर्नाटक) :** बेलगावी जिले में एक चीनी मिल के बॉयलर में बुधवार को विस्फोट हो जाने के बाद कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, बेलगावी जिले के मराकुंबी स्थित इनामदार चीनी मिल में यह घटना घटी। बेलगावी ग्रामीण जिले के पुलिस अधीक्षक के. रामाराजन ने बताया कि यह हादसा अपराह्न दो बजे हुआ और इसमें कुछ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है।

### लोकसभा अध्यक्ष पर न्यायमूर्ति वर्मा की जांच के लिए समिति गठित करने में कोई रोक नहीं : न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि न्यायाधीश जांच अधिनियम के तहत लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए जांच समिति गठित करने में कोई रोक नहीं है। हाल में, इस तरह के एक प्रस्ताव लाने के संबंध में दिये गए नोटिस को राज्यसभा ने खारिज कर दिया था। प्रथम दृष्टया राय व्यक्त करते हुए, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने न्यायमूर्ति वर्मा का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी की इस दलील से असहमति जताई कि राज्यसभा सभापति पद से जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद, उपसभापति को (न्यायाधीश को पद से हटाने के लिए) प्रस्ताव लाने के लिए सौंपे गए नोटिस को खारिज करने का अधिकार नहीं है।

### फैज-ए-इलाही मस्जिद के निकट अतिक्रमण हटाने के लिए एमसीडी ने किया 32 जेसीबी का इस्तेमाल

**नयी दिल्ली :** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने तुर्कमान गेट स्थित फैज-ए-इलाही मस्जिद के निकट भूमि पर अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाने के लिए 50 से अधिक अधिकारी, सैकड़ों पुलिसकर्मी, 32 जेसीबी और चार 'पोकलेन मशीन' तैनात की थीं। शहर के एसपी जोन (सीएसपी-जेड) के उपायुक्त विवेक अग्रवाल ने बताया कि इस अभियान के तहत मंगलवार और बुधवार की दरमयानी रात को एक बारात घर और एक औषधालय को ढहा दिया गया, जिन्हें दिल्ली उच्च न्यायालय ने अतिक्रमण घोषित किया था। अग्रवाल ने कहा कि अभियान चुनौतीपूर्ण था क्योंकि संरचनाओं की दीवारें नौ इंच से अधिक मोटी थीं। उन्होंने कहा, अभियान जटिल था, लेकिन हमारे पास सभी आवश्यक मशीनरी मौजूद थी, जिसमें न्यूमेटिक हैमर, गैस कटिंग मशीन और ट्रक शामिल थे। एमसीडी के महापौर राजा इकबाल सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, अभियान मध्यरात्रि के आसपास शुरू हुआ था और इसे 2-3 घंटे में पूरा कर लिया गया। उन्होंने कहा, ''हमारी तरफ से कम से कम 50-60 एमसीडी कर्मचारी तैनात थे।''

### जम्मू-कश्मीर: कठुआ में आतंकियों के साथ मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने घेराबंदी कड़ी की

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में बुधवार को आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने सुदूर वन क्षेत्र में घेराबंदी मजबूत कर दी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ बुधवार शाम बिलावर के काहोग गांव में हुई जब सुरक्षा बलों ने दो से तीन आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना के बाद तलाशी अभियान चलाया। जम्मू के पुलिस महानिरीक्षक भीम सेन टूटी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, एसओजी (स्थानीय पुलिस का विशेष अभियान समूह) ने कठुआ के कामध नाला के जंगल में आतंकवादियों से मुठभेड़ की है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच एक घंटे से अधिक समय तक तीव्र गोलीबारी चली। अधिकारियों ने कहा कि यह तुरंत पता नहीं चल पाया है कि गोलीबारी के दौरान किसी आतंकवादी को गोली लगी या नहीं।

# चुनाव पर चर्चा के लिए शाह से मिले हिमंत, सीट बंटवारे को 15 फरवरी तक अंतिम रूप देने की संभावना



**धेमाजी/ढकुआखाना (असम) :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को कहा कि उन्होंने राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे के समझौते पर चर्चा करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की है। एक आधिकारिक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत में शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 15 फरवरी तक असम गण परिषद (एजीपी) और राजग के अन्य छोटे सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे को अंतिम रूप दे सकती है। पिछले महीने शर्मा ने कहा था कि मौजूदा राजग सहयोगियों के साथ गठबंधन को अंतिम रूप देने का काम 15 जनवरी तक पूरा होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''हमारे सीट बंटवारे और गठबंधन से संबंधित अन्य विवरण 15 फरवरी तक तय हो जाएंगे। कल रात, मैं केंद्रीय गृह मंत्री से मिलने गया था और इस पर चर्चा की। बैठक के दौरान हाग्रामा मोहिलारी (बीपीएफ प्रमुख) भी मेरे साथ थे।'' उन्होंने बताया कि इस बैठक से पहले यूपीपीएल अध्यक्ष प्रमोद बोरो ने भी शाह से मुलाकात की थी। मुख्यमंत्री मंगलवार को विशेष विमान से दिल्ली पहुंचे और बुधवार सुबह लौट आए। शर्मा ने कहा, ''कल मेरी एजीपी अध्यक्ष अतुल बोरा से लंबी बातचीत हुई। हमारी बातचीत जारी है। हम सौहार्दपूर्ण ढंग से सीट बंटवारे के समझौते पर सहमति बना लेंगे और इसमें कोई समस्या नहीं होगी।'' हालांकि, उन्होंने सीट बंटवारे के समझौते और चुनाव संबंधी अन्य विवरणों को अंतिम रूप देने में एक महीने की देरी का कारण नहीं बताया।

### असम में अवैध रूप से रह रहे मिया समुदाय का नाम हटाना भाजपा का कर्तव्य : हिमंत

विशेष पुनरीक्षण के (एसआर) के बाद प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची में 'अनियमितताओं' के आरोपों के बीच, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को कहा कि बांग्लादेशियों और ''अवैध रुप से रह रहे मिया समुदाय'' के लोगों के नाम हटाने के लिए एक सही सूची तैयार करना 'भाजपा का एजेंडा' है। एसआर के बाद 30 दिसंबर को प्रकाशित प्रदेश की मसौदा मतदाता सूची के अनुसार राज्य में मतदाताओं की संख्या में 1.35 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। शर्मा ने संवाददताओं से बातचीत में कहा, ''सही मतदाता सूची भारतीय जनता पार्टी का एजेंडा है। नहीं तो, हमने मतदाता सूची से बांग्लादेशियों के नाम हटाने के लिए क्या किया है। यह छिपाने की कोई बात नहीं है कि बांग्लादेशियों से ज़मीन वापस लेना हमारा एजेंडा है।'' एक राजनीतिक विवाद तब शुरू हुआ जब राइजोर दल के अध्यक्ष और विधायक अखिल गोगोई ने आरोप लगाया कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और सांसद दिलीप सैकिया ने पार्टी नेताओं को 60 विधानसभा क्षेत्रों से 10,000 वैध ''भाजपा विरोधी मतदाताओं'' के नाम हटाने का निर्देश दिया है, हालांकि इस आरोप को सत्ताधारी पार्टी ने खारिज कर दिया है।

## सिक्किम में 2025 में 17 लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे



**गंगटोक :** सिक्किम में 2025 में 17 लाख से अधिक पर्यटक आए। पर्यटकों की यह संख्या पिछले वर्ष की तुलना में 82,000 से अधिक है। हालांकि राज्य में विदेशी पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट दर्ज की गई। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि 2024 में 15,40,421 घरेलू पर्यटक आए थे जबकि 2025 में यह संख्या बढ़कर 16,35,650 हो गई। वहीं, विदेशी पर्यटकों की संख्या 2024 में 84,710 रही जो 2025 में घटकर 71,710 रह गई। पर्यटन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सीएस राव ने बताया कि अधिक विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने और राज्य में पर्यटन को मजबूत करने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने विदेशी पर्यटकों की संख्या में गिरावट के कारण के बारे में बताया कि अक्टूबर में विशेष रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-10 सहित अन्य सड़कों को हुए व्यापक नुकसान ने यहां आने का विचार बना रहे पर्यटकों की योजनाओं को बुरी तरह प्रभावित किया। राव ने बताया कि अगर एनएच-10 सहित पूरे राज्य में सड़कों की स्थिति में सुधार जारी रहता है और वे स्थिर बनी रहती हैं, तो सिक्किम में इस वर्ष लगभग 20 लाख पर्यटकों के आने की उम्मीद है। राव ने घरेलू पर्यटकों की संख्या में वृद्धि का श्रेय पर्यटकों की बढ़ती रुचि को भी दिया।

## महादेव ऐप मामला: ईडी ने मुख्य प्रवर्तक सौरभ चंद्राकर सहित अन्य की संपत्ति कुर्क की

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कहा कि उसने ''अवैध'' महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप के मुख्य प्रवर्तकों में से एक सौरभ चंद्राकर सहित विभिन्न आरोपियों की लगभग 92 करोड़ रुपये की संपत्तियों को कुर्क किया है। परफेक्ट प्लान इन्वेस्टमेंट एलएलसी और एक्जिम जनरल ट्रेडिंग - जीजेडसीओ द्वारा धारित 74.28 करोड़ रुपये से अधिक की बैंक जमा राशि को जब्त करने के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अंतरिम आदेश जारी किया गया। ईडी ने एक बयान में कहा, ''ये इकाइयां सौरभ चंद्राकर, अनिल कुमार अग्रवाल और विकास छपारिया की हैं।'' महादेव ऐप का प्रचार चंद्राकर और उसके सहयोगी रवि उप्पल ने किया था। वे दोनों छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। उनका विदेश से प्रत्यर्पण कराने के प्रयास किये जा रहे हैं। उनके संयुक्त अरब अमीरात में होने का पता चला था। इसके अलावा, हरि शंकर टिबरेवाल के करीबी सहयोगी गगन गुप्ता की 17.5 करोड़ रुपये की संपत्ति भी जब्त कर ली गई है, जिसके बारे में ईडी का दावा है कि वह स्काईएक्सचेंज डॉट कॉम का मालिक और दुबई स्थित एक कथित हवाला ऑपरेटर है। चंद्राकर और अन्य आरोपियों ने महादेव ऐप के माध्यम से लोगों से ''ठगी'' की, जिसे कई अवैध सट्टेबाजी वेबसाइटों या मोबाइल एप्लिकेशन (ऐप) को ग्राहकों को आकर्षित करने और इन अवैध सट्टेबाजी गेम और वेबसाइटों के लिए वित्तीय संचालन की सुविधा प्रदान करने के लिए बनाया गया था।

## महाराष्ट्र: नगर निकायों में भाजपा का कांग्रेस व एआईएमआईएम से गठबंधन, फडणवीस और शिवसेना का विरोध

**कांग्रेस ने अंबरनाथ नगरपालिका परिषद के लिए नवनिर्वाचित अपने 12 पार्षदों को निलंबित किया**



**मुंबई :** भाजपा ने एक चौंकाने वाले कदम के तहत महाराष्ट्र की दो नगर पालिका परिषदों में कांग्रेस और एआईएमआईएम के साथ चुनाव बाद गठबंधन कर लिया जिससे सत्ताधारी और विपक्षी दलों के प्रदेश नेतृत्व में नाराजगी फैल गई। कांग्रेस ने इनमें से एक स्थानीय निकाय में अपने 12 नवनिर्वाचित पार्षदों को निलंबित कर दिया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इस तरह की व्यवस्था पार्टी नेतृत्व द्वारा अनुमोदित नहीं थी और अनुशासन का उल्लंघन है तथा स्थानीय नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, जबकि राज्य में भाजपा की सहयोगी पार्टी शिवसेना ने इसे 'गठबंधन धर्म' के प्रति विश्वासघात बताया। भाजपा ने 20 दिसंबर को हुए स्थानीय चुनावों के बाद अपनी कट्टर प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस और अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के साथ 'अंबरनाथ विकास आघाडी' के बैनर तले गठबंधन करके अंबरनाथ नगर पालिका परिषद का नेतृत्व संभाला और सहयोगी शिवसेना (एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली) को दरकिनार कर दिया। भाजपा ने अकोला जिले की अकोट नगर पालिका परिषद में असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली अखिल भारतीय मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) और अन्य पार्टियों के साथ इसी तरह का गठबंधन किया। इस घटनाक्रम से असहज स्थिति में आ गई कांग्रेस ने बुधवार को भाजपा के साथ गठबंधन करने के लिए अंबरनाथ नगर पालिका परिषद के अपने 12 नवनिर्वाचित पार्षदों और ब्लॉक अध्यक्ष को निलंबित कर दिया। शिवसेना (उबाठा) ने भी भाजपा की आलोचना करते हुए कहा कि यह सत्तारूढ़ पार्टी के दोहरे मापदंड को दर्शाता है और दिखाता है कि वह सत्ता हथियाने के लिए कुछ भी कर सकती है।

## एसआईआर का दूसरा चरण : 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से करीब 6.5 करोड़ मतदाताओं के नाम हटाए गए

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग द्वारा नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के कराए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण(एसआईआर) के तहत करीब 6.5 करोड़ मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। इन 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 27 अक्टूबर को एसआईआर की प्रक्रिया शुरू हुई थी और तब कुल 50.90 करोड़ मतदाता पंजीकृत थे। हालांकि अलग-अलग प्रकाशित मसौदा मतदाता सूचियों में मतदाताओं की संख्या घटकर 44.40 करोड़ रह गई है। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि जिन लोगों के नाम सूची से हटाए गए हैं, उन्हें 'एएसडी' यानी अनुपस्थित, स्थानांतरित और मृत/ नाम में दोहराव की श्रेणी में रखा गया है। उन्होंने पहले उपलब्ध रुझानों का हवाला देते हुए कहा था कि एसआईआर की प्रक्रिया में शामिल राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्रों में गणना प्रपत्रों का संग्रह 'काफी कम' रहा है। उत्तर प्रदेश में एसआईआर प्रक्रिया के बाद मंगलवार को प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची में 2.89 करोड़ मतदाताओं के नाम हटा दिये गए हैं। इसके मुताबिक राज्य में अब 12.55 करोड़ मतदाता हैं। एसआईआर का दूसरा चरण चार नवंबर को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में शुरू हुआ।

## राहुल गांधी की 'दोहरी नागरिकता' से जुड़े मामले में शिकायतकर्ता को लिखित दलीलें दाखिल करने के निर्देश

**लखनऊ :** लखनऊ की विशेष सांसद/विधायक अदालत ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की कथित दोहरी नागरिकता से जुड़े मामले की सुनवाई के सिलसिले में बुधवार को शिकायतकर्ता से अपनी दलीलें लिखित में दाखिल करने को कहा। विशेष न्यायाधीश आलोक वर्मा ने कहा कि अदालत बृहस्पतिवार को भी इस मामले की सुनवाई जारी रखेगी। कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता एस. विग्नेश शिशिर ने अपनी याचिका में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और मामले की विस्तृत जांच के आदेश देने का आग्रह किया है। शिशिर ने अपनी शिकायत में भारतीय न्याय संहिता, शासकीय गोपनीयता अधिनियम, विदेशी अधिनियम और पासपोर्ट अधिनियम के प्रावधानों के तहत कांग्रेस सांसद पर कई आरोप लगाए हैं। इस सिलसिले में आपराधिक शिकायत शुरू में रायबरेली में विशेष सांसद/विधायक अदालत में दायर की गई थी। हालांकि, शिकायतकर्ता द्वारा दायर एक याचिका पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने 17 दिसंबर 2025 को यह मामला रायबरेली से लखनऊ स्थानांतरित कर दिया।

## नेतन्याहू ने मोदी को कॉल की, दोनों नेताओं ने और अधिक दृढ़ता के साथ आतंक से लड़ने का संकल्प लिया




**नयी दिल्ली :** इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को गाजा शांति योजना से संबंधित अद्यतन जानकारी अपने भारतीय समकक्ष नरेन्द्र मोदी के साथ साझा की तथा आतंकवाद से लड़ने के साझा संकल्प की पुष्टि की। नेतन्याहू ने मोदी को कॉल करके उन्हें गाजा शांति योजना पर अद्यतन जानकारी साझा की। प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया, ''दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और दोनों देशों के लोगों के लिए शांति और समृद्धि की कामना की।'' बयान में यह भी कहा गया है कि नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री को गाजा शांति योजना के कार्यान्वयन के बारे में जानकारी दी। बयान में कहा गया है, ''प्रधानमंत्री (मोदी) ने क्षेत्र में न्यायपूर्ण और स्थायी शांति की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के लिए भारत के निरंतर समर्थन की पुष्टि की।'' मोदी और नेतन्याहू ने साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, गहरे आपसी विश्वास और दूरदर्शी दृष्टिकोण के तहत आने वाले वर्ष में भारत-इजराइल के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए साझा प्राथमिकताओं को चिह्नित किया। इसमें कहा गया है, ''उन्होंने आतंकवाद के सभी प्रकार और रूपों को 'कतई बर्दाश्त न करने' के अपने दृष्टिकोण को दोहराया और इस खतरे के खिलाफ लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।'' मोदी और नेतन्याहू ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और संपर्क में रहने पर सहमति व्यक्त की। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने (नेतन्याहू ने) आतंकवाद से और अधिक दृढ़ता के साथ लड़ने के प्रति अपने साझा संकल्प की पुष्टि की। उन्होंने कहा, ''अपने मित्र प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात करके और उन्हें तथा इजराइल के लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं देकर मुझे खुशी हुई।''

## श्री माता वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज की मान्यता रद, मेडिकल आयोग ने पाई कई कमियां

**जम्मू/श्रीनगर :** राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने श्री माता वैष्णो देवी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एक्सीलेंस (एसएमवीडीआईएमई), कटरा की एमबीबीएस कोर्स की मान्यता रद कर दी है। आयोग की टीम ने हालिया निरीक्षण में कॉलेज में ढांचागत सुविधाओं, फैकल्टी और अन्य आवश्यक मानकों में गंभीर कमियां पाईं, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई। कॉलेज के मौजूदा छात्रों को जम्मू-कश्मीर के अन्य सरकारी मेडिकल कॉलेजों में स्थानांतरित किया जाएगा, ताकि उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो। समायोजन प्रक्रिया जल्द शुरू होगी, जिससे छात्रों को कोई नुकसान नहीं होगा। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब कॉलेज पहले से ही एमबीबीएस दाखिलों को लेकर विवादों में घिरा हुआ था। पहले बैच की 50 सीटों में अधिकांश मुस्लिम छात्रों के चयन पर सनातनियों की दाखिलों में अनदेखी का आरोप लगाते हुए श्री माता वैष्णो देवी संघर्ष समिति लगातार आंदोलन कर रही थी। समिति का कहना है कि श्राइन बोर्ड के चढ़ावे से बने संस्थान में हिंदू छात्रों की भावनाओं की अनदेखी हुई। हालांकि, मान्यता रद होने का मुख्य कारण एडमिशन विवाद नहीं, बल्कि एनएमसी के निरीक्षण में पाई गई कमियां बताई जा रही हैं।

## 'धुरंधर' बनी अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बनी, 831 करोड़ कमाए



**मुंबई :** फिल्म निर्माता आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' देशभर में कुल 831 करोड़ रुपये से अधिक का व्यवसाय करते हुए अब तक की सबसे अधिक कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई है। फिल्म निर्माताओं ने बुधवार को यह जानकारी दी। निर्माताओं ने बताया कि रणवीर सिंह अभिनीत इस फिल्म ने रिलीज के 33वें दिन मंगलवार को 5.70 करोड़ रुपये की कमाई की, जिसके बाद इसकी देशभर में कुल कमाई बढ़कर 831.40 करोड़ रुपये हो गई। इसके साथ ही यह अब तक की सभी हिंदी फिल्मों में पहले स्थान पर पहुंच गई। फिल्म निर्माताओं ने एक बयान में कहा, फिर इतिहास रचा गया है। मंगलवार के हुए कारोबार के साथ, 'धुरंधर' आधिकारिक तौर पर अब तक की सबसे अधिक कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई है। यह एक अभूतपूर्व उपलब्धि है जिसने भारतीय बॉक्स ऑफिस की सफलता को फिर से परिभाषित किया है। इससे पहले शीर्ष स्थान पर अल्लू अर्जुन की 2023 की फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' का हिंदी संस्करण था, जिसने हिंदी में 830 करोड़ रुपये की कमाई की थी। अन्य शीर्ष कमाई करने वाली हिंदी फिल्मों में शाहरुख खान की 'जवान' (643 करोड़ रुपये) और हॉरर-कॉमेडी 'स्त्री 2' (627 करोड़ रुपये) शामिल हैं। फिल्म 'धुरंधर' एक रोमांचक जासूसी फिल्म है जिसका निर्देशन और लेखन आदित्य धर ने किया है। फिल्म में रणवीर सिंह मुख्य भूमिका में हैं और यह फिल्म कंधार विमान अपहरण, 2001 संसद हमला और 26/11 मुंबई हमलों जैसी भू-राजनीतिक और आतंकी घटनाओं की पृष्ठभूमि पर आधारित खुफिया अभियानों की कहानी है।

## हिमाचल प्रदेश: आग में 200 साल पुराना जुन्गा महल जलकर खाक हो गया



**शिमला :** शिमला से लगभग 26 किलोमीटर दूर जुन्गा में स्थित 200 साल पुराना एक ऐतिहासिक महल बुधवार को भीषण आग की चपेट में आने से नष्ट हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अधिकारियों के अनुसार, दोपहर करीब 1:00 बजे जे भड़की इस भीषण आग ने कुछ ही समय में पूरे महल को अपनी चपेट में ले लिया। उन्होंने बताया कि आग लगने के सटीक कारण और इस घटना में हुए कुल नुकसान का अभी पता लगाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, इस महल का निर्माण 1800 के दशक में तत्कालीन क्योंथल रियासत के शासकों ने करवाया था।

## अमेरिका से निर्वासित लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का प्रमुख सदस्य भारत लाया गया, पुलिस ने गिरफ्तार किया



**नयी दिल्ली :** लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के प्रमुख सदस्य अमन भैंसवाल को बुधवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के समन्वय से चलाए गए एक अभियान के तहत अमेरिका से निर्वासन के बाद भारत वापस लाया गया और दिल्ली हवाई अड्डे पर उसे हरियाणा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि भैंसवाल के खिलाफ इंटरपोल का रेड नोटिस जारी था। आधिकारिक बयान के अनुसार, गैंगस्टर अमन कुमार उर्फ अमन भैंसवाल हरियाणा और दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में गोलीबारी, हत्या, हत्या के प्रयास, जबरन वसूली और अवैध हथियार संबंधी गतिविधियों से जुड़े मामलों में कथित तौर पर संलिप्त था। अभियोजन से बचने के प्रयास में वह जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके विदेश भाग गया था। सीबीआई ने हरियाणा पुलिस के अनुरोध पर भैंसवाल के खिलाफ इंटरपोल का रेड नोटिस प्राप्त किया था। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, ''आरोपी एक कुख्यात अपराधी और संगठित आपराधिक गिरोह (लॉरेंस बिश्नोई गिरोह) का प्रमुख सदस्य है। उसे पहले भारत में गिरफ्तार किया गया था और बाद में जमानत मिल गई थी। हालांकि, उस पर मुकदमा नहीं चला और बाद में वह फरार हो गया।'' इंटरपोल के रेड नोटिस के आधार पर भैंसवाल का पता अमेरिका में लगाया गया। अधिकारी ने कहा, ''उसे अमेरिका से सफलतापूर्वक निर्वासित करा दिया गया और वह सात जनवरी, 2026 को भारत लाया गया। उसे दिल्ली हवाई अड्डे पर हरियाणा पुलिस की एक टीम ने हिरासत में ले लिया।''

# सोमनाथ, नेहरू और धर्मनिरपेक्षता की बहस



**नयी दिल्ली :** सोमनाथ मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता, इतिहास और सांस्कृतिक निरंतरता का प्रतीक रहा है। आज़ादी के बाद इसके पुनर्निर्माण को लेकर जो बहस हुई, वह महज एक मंदिर तक सीमित नहीं थी, बल्कि उस दौर में नव-स्वतंत्र भारत की दिशा, दृष्टि और धर्मनिरपेक्षता की परिभाषा से जुड़ी थी। हाल में सार्वजनिक हुए प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के पत्र इसी ऐतिहासिक बहस को एक बार फिर केंद्र में ले आए हैं।वर्ष 1950-51 के दौरान लिखे गए इन पत्रों में नेहरू ने बार-बार सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण और उद्घाटन समारोह से सरकार को अलग रखने की बात कही। उन्होंने राष्ट्रपति, मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों और विदेश मंत्रालय के अधिकारियों को लिखे पत्रों में स्पष्ट किया कि यह आयोजन सरकारी नहीं होना चाहिए। सार्वजनिक धन के उपयोग, सरकारी सहभागिता और व्यापक प्रचार को लेकर उन्होंने चिंता जताई। नेहरू का तर्क था कि ऐसे आयोजनों से भारत की धर्मनिरपेक्ष छवि को आघात पहुंच सकता है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गलत संदेश जा सकता है। नेहरू की यह सोच उस समय की वैश्विक परिस्थितियों से भी जुड़ी थी। देश विभाजन के बाद भारत अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्वयं को एक आधुनिक, लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में स्थापित करना चाहता था। नेहरू को आशंका थी कि किसी बड़े धार्मिक आयोजन से राज्य की तटस्थता पर सवाल उठ सकते हैं और पाकिस्तान सहित अन्य देशों को आलोचना का अवसर मिल सकता है। इसी कारण उन्होंने सरकारी प्रसारण माध्यमों और भारतीय दूतावासों को भी संयम बरतने के निर्देश दिए।लेकिन सवाल यह भी है कि क्या सोमनाथ जैसे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक प्रतीक को केवल एक धार्मिक आयोजन के रूप में देखा जाना उचित था? सोमनाथ का पुनर्निर्माण अनेक लोगों के लिए केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि सदियों के आघात के बाद सांस्कृतिक पुनर्स्थापन का प्रतीक था। ऐसे में नेहरू का कठोर रुख एक बड़े वर्ग को यह संदेश देता है कि सांस्कृतिक अस्मिता और ऐतिहासिक स्मृति को भी राजनीतिक जोखिम के चश्मे से देखा जा रहा था।यहीं से धर्मनिरपेक्षता की व्याख्या पर बहस जन्म लेती है। क्या धर्मनिरपेक्षता का अर्थ केवल धार्मिक प्रतीकों से दूरी बनाना है, या फिर सभी परंपराओं के प्रति समान सम्मान? आलोचकों का मानना है कि नेहरू की नीति में धर्मनिरपेक्षता का अर्थ अक्सर सार्वजनिक हिंदू धार्मिक अभिव्यक्तियों से दूरी तक सीमित हो गया, जबकि समर्थकों का तर्क है कि यह उस दौर की संवेदनशील परिस्थितियों में एक आवश्यक सावधानी थी।आज, जब भारत अपनी सभ्यतागत पहचान पर खुलकर विमर्श कर रहा है, तब ये पत्र केवल अतीत के दस्तावेज नहीं रह जाते।

## जम्मू-कश्मीर में ताजा बर्फबारी : पंजाब, राजस्थान में स्कूलों की शीतकालीन छुट्टियां बढ़ाईं



**नयी दिल्ली :** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को अगले कुछ दिन में हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के कई हिस्सों में शीत लहर का पूर्वानुमान जताया। जम्मू-कश्मीर में भद्रवाह के आसपास ऊंचाई वाले इलाकों में ताजा बर्फबारी हुई। पंजाब सरकार ने राज्य में ठंड के मौसम को देखते हुए सभी स्कूलों में शीतकालीन छुट्टियां 13 जनवरी तक बढ़ा दी हैं। एक दिन पहले, राजस्थान के कई जिलों ने शीतकालीन अवकाश को बढ़ाने की घोषणा की थी, और उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले में अधिकारियों ने कक्षा आठ तक के सभी स्कूलों को 10 जनवरी तक बंद करने का आदेश दिया था। राष्ट्रीय राजधानी में लगातार दूसरी बार ठंडे दिन की स्थिति दर्ज की गई, यहां दिन का तापमान 16.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसमी औसत से 2.3 डिग्री कम है। आईएमडी के अनुसार, ठंडे दिन की स्थिति तब घोषित की जाती है जब अधिकतम तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस से 6.4 डिग्री सेल्सियस नीचे गिर जाता है। मौसम कार्यालय ने बृहस्पतिवार को सुबह के समय घने कोहरे का अनुमान जताया है और 'येलो' अलर्ट जारी किया है। कश्मीर में बर्फ से ढके पहाड़ी नज़ारों का आनंद लेने के लिए पर्यटक बड़ी संख्या में भद्रवाह-पठानकोट राजमार्ग पर गुलडांडा (9,555 फुट), पंज नाला (10,200 फुट) और छत्तरगल्ला (10,500 फुट) पर जमा हुए।

## बतौर कप्तान हरमनप्रीत का रिकॉर्ड तोड़ना मुश्किल, चार पांच साल और खेल सकती है : झूलन



**मुंबई:** भारत की महान तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी का मानना है कि महिला वनडे विश्व कप और दो डब्ल्यूपीएल ट्रॉफी जीतने वाली हरमनप्रीत कौर की कप्तानी का रिकॉर्ड टूटना मुश्किल है और वह अगले चार पांच साल और खेल सकती है।हरमनप्रीत की कप्तानी में भारत ने वनडे विश्व कप जीता लेकिन इससे पहले वह अपनी कप्तानी में मुंबई इंडियंस को डब्ल्यूपीएल खिताब दिला चुकी हैं। मुंबई की गेंदबाजी कोच और मेंटोर झूलन ने पीटीआई से कहा, 'उसने भारतीय क्रिकेट और मुंबई इंडियंस के लिये जो किया है, वह अद्भुत है। मुझे नहीं लगता कि निकट भविष्य में कोई उसका रिकॉर्ड तोड़ सकता है। वह विश्व कप विजेता पहली भारतीय महिला कप्तान है और दो डब्ल्यूपीएल ट्रॉफी भी जीत चुकी है। उम्मीद है कि आने वाले समय में और भी जीतेगी।'झूलन ने यह भी कहा कि विश्व कप जीतने के बाद उनके , मिताली राज, अंजुम चोपड़ा और रीमा मल्होत्रा जैसे पूर्व क्रिकेटरों के साथ जश्न मनाना पहले से सोचा हुआ नहीं था।

## मलेशिया ओपन: सिंधु और सात्विक-चिराग ने जीत से शुरुआत की



**कुआलालंपुर:** चोटिल होने के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रहने के बाद वापसी कर रही भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु तथा चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की पुरुष युगल जोड़ी ने नए सत्र की जीत से शुरुआत करते हुए बुधवार को यहां मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में अपने-अपने वर्ग में अगले दौर में प्रवेश किया।पूर्व विश्व चैंपियन 30 वर्षीय सिंधु पिछले साल अक्टूबर में पैर की चोट से उबरने के लिए सभी बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिताओं से हट गई थीं। उन्होंने वापसी पर अच्छा खेल दिखाया तथा 51 मिनट तक चले महिला एकल के मुकाबले में चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन को 21-14, 22-20 से हराया।सात्विक और चिराग की जोड़ी ने चीनी ताइपे के यांग पो ह्सुआन और ली झे-हुए को 35 मिनट में 21-13 21-15 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अब उनका सामना मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप से होगा।

# सूर्यवंशी और जॉर्ज के शतक, भारत ने श्रृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप की



**बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका):** वैभव सूर्यवंशी ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए सैकड़ा जड़ा जबकि आरोन जॉर्ज ने भी शतकीय पारी खेली जिससे भारत की अंडर-19 टीम ने तीसरे युवा वनडे में दक्षिण अफ्रीका को 233 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला क्लीन स्वीप कर ली। कप्तान सूर्यवंशी ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद एक बार फिर छक्कों की बरसात करते हुए 74 गेंद में 127 रन बनाए, जिसमें 10 छक्के और नौ चौके शामिल थे। बिहार के इस 14 साल के खिलाड़ी ने पिछले मैच में 24 गेंद में 68 रन की पारी खेली थी। सूर्यवंशी को जॉर्ज का अच्छा साथ मिला जिन्होंने 106 गेंद में 118 रन बनाए। इस तरह दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 227 रन की भागीदारी निभाकर बड़े स्कोर की नींव रखी। इस तरह भारत ने सात विकेट पर 393 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया जो दक्षिण अफ्रीका के लिए बहुत बड़ा लक्ष्य साबित हुआ और टीम 35 ओवर में 160 रन पर ऑल आउट हो गई। मेजबान टीम के लिए नटांडो सोनी (61 रन देकर तीन विकेट) और जेसन रोल्स (59 रन देकर दो विकेट) ने मिलकर पांच विकेट लिए। इस बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने चौथे ओवर में 15 रन पर तीन विकेट गंवा दिए। किशन सिंह ने अपनी गेंदों से कहर बरपाते हुए शीर्ष क्रम में जोरिच वैन शाल्कविक (01), अदनान लागार्डियन (09) और लेथाबो फाहलामोहलाका (शून्य) को आउट कर दिया। उन्नीस साल के किशन सिंह ने दूसरे मैच में भी चार विकेट लिए थे और एक बार फिर सबसे सफल गेंदबाज रहे। डैनियल बोसमैन (40) और रोल्स (19) ने कुछ देर तक संघर्ष किया। इससे दक्षिण अफ्रीका 23वें ओवर में 99 रन पर छह विकेट गंवा बैठी। पॉल जेम्स (41) और कॉर्न बोथा (नाबाद 36 रन) ने सिर्फ हार को टाला। इससे पहले सूर्यवंशी ने अपनी 'पावर हिटिंग' से एक बार फिर सबका ध्यान खींचा और युवा वनडे में अपना तीसरा शतक पूरा किया। उन्होंने अब तक 18 मैच में चार अर्धशतक भी लगाए हैं। इस युवा खिलाड़ी ने अब 18 मैच में 54.05 की औसत और 164.08 के स्ट्राइक रेट से 973 रन बनाए हैं। भारत ने पहले मैच डकवर्थ लुईस पद्धति से 25 रन से और दूसरा मैच आठ विकेट से जीता था।

## सिमरन की मदद से चंडीगढ़ ने पेनकैक सिलाट में महिला वर्ग का स्वर्ण जीता, पुरुष वर्ग में मणिपुर विजेता

**दीव:** चंडीगढ़ की सिमरन और सोनिया ने बुधवार को यहां 'खेलो इंडिया बीच गेम्स' (केआईबीजी) के तीसरे दिन पेनकैक सिलाट की महिला गांडा युगल स्पर्धा में मेजबान टीम की अनुष्का सिंह और अंशु कुमारी को हराकर स्वर्ण पदक जीता।पुरुष फाइनल में मणिपुर के प्रेमचंद्र येन्थेम और वाहेंगबाम सुधीर मीतेई ने तमिलनाडु के बोस राजा गुरु और सेल्वकुमार को 555-536 से हराकर टूर्नामेंट में मणिपुर को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। सेमीफाइनल के दौरान घुटने में चोट लगने के बावजूद सिमरन ने साहसिक प्रदर्शन किया और सोनिया के साथ मिलकर फाइनल में अनुष्का और अंशु को 555-537 से पराजित किया। 'बीच सॉकर' में गत चैंपियन ओडिशा महिला ने ग्रुप ए में अरूणाचल प्रदेश को 8-4 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पुरुष वर्ग में केरल ने अंतिम चार में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के तीन दिन बाद मेजबान दादर एवं नागर हवेली और दमन एवं दीव एक स्वर्ण, दो रजत



और एक कांस्य पदक से तालिका में शीर्ष पर हैं। चंडीगढ़, मणिपुर और पश्चिम बंगाल ने भी एक एक स्वर्ण पदक जीता है।

## हॉकी इंडिया लीग : एचआईएल जीसी ने श्राची बंगाल टाइगर्स को हराया



**चेन्नई:** केन रसेल की शानदार हैट्रिक के दम पर एचआईएल जीसी ने हॉकी इंडिया लीग पुरूष वर्ग के मुकाबले में बुधवार को श्राची बंगाल टाइगर्स को 6 . 3 से हराया। रसेल (19वां, 36वां और 44वां मिनट) , सैम वार्ड (19वां) , सुदीप चिरमाको (38वां) और जेम्स अल्बेरी (59वां) ने एचआईएल जीसी के लिये गोल किये जबकि श्राची बंगाल टाइगर्स के लिये कप्तान जुगराज सिंह (12वां), टॉम ग्रामबश (40वां) और क्रिस्टोफर रूर (40वां) ने गोल दागे। एक अन्य मैच में हैदराबाद तूफांस ने रांची रॉयल्स को 3 . 2 से मात दी। रांची के लिये टॉम बून (11वां और 17वां) ने दो गोल किये जबकि हैदराबाद के लिये अमनदीप लाकड़ा (42वां), निक वुड्स (45वां) और तलविंदर सिंह (57वां) ने गोल दागे। पहले मैच में टाइगर्स को 11वें मिनट में लगातार चार पेनल्टी कॉर्नर मिले जिनमे से एक पेनल्टी स्ट्रोक में बदला और कप्तान जुगराज ने उस पर गोल किया।दूसरे क्वार्टर में एचआईएल जीसी ने 19वें मिनट में दो गोल दागे। विरोधी गोल में 13 बार हमले और छह शॉट्स के बावजूद दो क्वार्टर के बाद टाइगर्स एक गोल से पीछे थे। तीसरे क्वार्टर में पांच मिनट के भीतर एचआईएल जीसी को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर रसेल ने गोल दागा। इसके दो मिनट बाद चिरमाको ने फील्ड गोल करके टीम को तीन गोल की बढत दिला दी। श्राची बंगाल टाइगर्स ने 40वें मिनट में दो गोल करके अंतर कम किया। ग्रामबश ने पहले पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किया और रूर ने रिबाउंड पर गोल दागा। एचआईएल जीसी को 44वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर रसेल ने तीसरा गोल किया। वहीं जेम्स अल्बेरी ने 59वें मिनट में टीम का छठा गोल दागा।

## आईसीसी भारत में खेलने को लेकर बनी चिंताओं को दूर करने के लिए मिलकर काम करने को तैयार: बीसीबी

**ढाका:** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने बुधवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप में उसकी टीम की भागीदारी से संबंधित चिंताओं को दूर करने के लिए उसके साथ 'काम करने की इच्छा व्यक्त की है', हालांकि आयोजन स्थल में बदलाव की उसकी मांग अभी तक स्वीकार नहीं की गई है। टी20 विश्व कप सात फरवरी से शुरू होगा जिसके पूर्व कार्यक्रम के अनुसार बांग्लादेश को अपने चार मैच कोलकाता और मुंबई में खेलने हैं। बीसीबी ने एक बयान में कहा, ''टी20 विश्व कप के लिए भारत में बांग्लादेश की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम की सुरक्षा को लेकर बोर्ड की चिंताओं के संबंध में आईसीसी ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। बीसीबी ने टीम के मैचों को स्थानांतरित करने का अनुरोध भी किया था।' बयान ने कहा गया है, 'आईसीसी ने टूर्नामेंट में बांग्लादेश की टीम की पूर्ण और निर्बाध भागीदारी सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है।' इसमें कहा गया है, 'आईसीसी ने हमारी चिंताओं को दूर करने के लिए बीसीबी के साथ मिलकर काम करने की अपनी इच्छा व्यक्त की है।



## इलेक्ट्रिक वाहनों की खुदरा बिक्री 2025 में 16.37 प्रतिशत बढ़कर 22.70 लाख इकाई पर: फाडा



**मुंबई:** देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की खुदरा बिक्री बीते वर्ष सालाना आधार पर 16.37 प्रतिशत बढ़कर 22,70,107 इकाई पर पहुंच गई। वाहन डीलरों के संगठन फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने बुधवार को यह जानकारी दी।फाडा के अनुसार, वर्ष 2024 में इलेक्ट्रिक वाहनों की कुल बिक्री 19,50,727 इकाई थी।आंकड़ों के मुताबिक, इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 2025 में 77.04 प्रतिशत बढ़कर 1,76,817 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले यह 99,975 इकाई थी। इसी अवधि में इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री भी 54.2 प्रतिशत बढ़कर 15,606 इकाई रही, जो पिछले वर्ष 10,123 इकाई थी। फाडा के मुताबिक समीक्षाधीन वर्ष में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री 12,79,951 इकाई रही, जो पिछले वर्ष की तुलना में 11.36 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह, इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 2025 में 15.39 प्रतिशत बढ़कर 7,97,733 इकाई हो गई, जबकि 2024 में यह 6,91,313 इकाई थी। फाडा के अध्यक्ष सी एस विग्नेश्वर ने कहा कि वर्ष 2025 के आंकड़े यह साफ दिखाते हैं कि भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने की प्रक्रिया अब शुरुआती चरण से आगे बढ़ चुकी है और हर श्रेणी में तेजी से विस्तार हो रहा है।

## बेहतर करियर के लिए 52 प्रतिशत भारतीयों ने जताई विदेश जाने की मंशा



**नयी दिल्ली:** एक सर्वेक्षण में कहा गया है कि बेहतर करियर एवं पैसे कमाने के लिए युवाओं में भारत से विदेश जाने का मजबूत रुझान देखा गया है। सर्वेक्षण में शामिल आधे से अधिक प्रतिभागियों ने विदेश जाने के बारे में मंशा जतायी। एआई-सक्षम वैश्विक प्रतिभा आवाजाही मंच टर्न ग्रुप के हाल के एक सर्वेक्षण में 52 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने विदेश जाने पर विचार करने या इसकी सक्रिय तैयारी करने की बात कही। यह सर्वेक्षण देशभर में करीब 8,000 लोगों से बातचीत पर आधारित है।सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक, वित्तीय विकास भारत से बाहर जाने का सबसे बड़ा कारण बनकर उभरा। करीब 46 प्रतिशत लोगों ने इस वजह से विदेश जाने की मंशा जताई।इसके बाद बेहतर करियर की तलाश के लिए 34 प्रतिशत लोग विदेश जाने को तैयार दिखे। इसके अलावा व्यक्तिगत सपने और वैश्विक अनुभव भी क्रमशः नौ प्रतिशत और चार प्रतिशत उत्तरदाताओं के लिए कारण रहे।रिपोर्ट कहती है कि विदेशी प्रवास को लेकर भारतीयों की पसंद में भी बदलाव आ रहा है। करीब 52 प्रतिशत लोगों ने समय के साथ अपनी पसंदीदा जगह बदली है, जबकि 43 प्रतिशत ने अंतरराष्ट्रीय अवसरों के लिए स्पष्ट प्राथमिकता जताई।जर्मनी 43 प्रतिशत लोगों की पसंद के साथ सबसे आगे रहा। इसके बाद ब्रिटेन 17 प्रतिशत, जापान नौ प्रतिशत और अमेरिका चार प्रतिशत लोगों की पसंद रहा।विदेश जाने की इच्छा रखने वाली भारतीय नर्सों के रुझान में क्षेत्रीय विविधता भी देखने को मिली। विदेश जाने वाली 61 प्रतिशत नर्सें प्रमुख महानगरों से बाहर से संबंधित हैं जबकि दिल्ली-एन-सीआर से 17 प्रतिशत नर्सों ने विदेश जाने की बात कही।

# तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए भारत को आयात घटाना और निर्यात बढ़ाना होगाः गडकरी



**नयी दिल्ली:** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि अगर भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना है, तो उसे आयात घटाने और निर्यात बढ़ाने पर खास ध्यान देना होगा। गडकरी ने सीएसआईआर के 'प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समारोह' को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि अपशिष्ट (एग्रो-वेस्ट) को उपयोगी संसाधन में बदला जा सकता है, जिससे न केवल किसानों को फायदा होगा बल्कि कच्चे तेल के आयात पर देश की निर्भरता भी कम की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण में पेट्रोलियम-रहित घटक बायो-बिटुमेन का इस्तेमाल 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की दिशा में एक रूपांतरकारी कदम है।गडकरी ने कहा, एग्रो-वेस्ट के उपयोग से पराली जलाने से होने वाला प्रदूषण घटेगा और संसाधनों के अधिकतम इस्तेमाल पर आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।उन्होंने कहा कि यदि वाहन ईंधन में 15 प्रतिशत मिलावट की जाए तो भारत करीब 4,500 करोड़ डॉलर की विदेशी मुद्रा बचा सकता है और आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता में बड़ी कमी आ सकती है। गडकरी ने कहा कि फिलहाल दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश भारत को तीसरे स्थान पर पहुंचने के लिए अपना आयात घटाने और निर्यात को बढ़ाने की जरूरत होगी।उन्होंने कहा कि भारत व्यावसायिक स्तर पर बायो-बिटुमेन का उत्पादन शुरू करने वाला दुनिया का पहला देश है। इससे किसानों को अतिरिक्त आय के अवसर मिलेंगे, ग्रामीण रोजगार बढ़ेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। मंत्री ने बायो-बिटुमेन के इस्तेमाल को टिकाऊ विकास, आत्मनिर्भरता और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार वृद्धि की दिशा में केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता का उदाहरण बताया।गडकरी ने कृषि और निर्माण उपकरण विनिर्माताओं से वैकल्पिक ईंधन और फ्लेक्स-इंजन आधारित वाहनों को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने बताया कि सरकार ने हरित हाइड्रोजन से चलने वाले ट्रकों के लिए देश के अलग-अलग हिस्सों में 10 राजमार्ग खंड चिन्हित किए हैं। लेकिन उन्होंने हाइड्रोजन ईंधन के परिवहन को एक बड़ी चुनौती बताया।गडकरी ने कहा कि भारत को ऊर्जा का आयातक नहीं, बल्कि निर्यातक बनना चाहिए। गडकरी ने कहा कि देश हर साल करीब 22 लाख करोड़ रुपये जीवाश्म ईंधन के आयात पर खर्च करता है, जिसकी वजह से प्रदूषण की समस्या भी बढ़ रही है।

### सरकार ने ग्रोक मामले में उठाए गए कदमों पर 'एक्स' से मांगी और जानकारी

**नयी दिल्ली:** सरकार ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' से उसके एआई चैटबॉट 'ग्रोक' से जुड़े अश्लील सामग्री मामले में उठाए गए कदमों पर और विस्तृत जानकारी मांगी है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि एक्स की तरफ से इस मामले में दाखिल की गई कार्रवाई रिपोर्ट विस्तृत होने के बावजूद पर्याप्त नहीं पाई गई है।अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क के स्वामित्व वाली सोशल मीडिया कंपनी ने महिलाओं की यौन प्रवृत्ति वाली और अश्लील तस्वीरें एवं वीडियो तैयार करने में ग्रोक एआई के कथित दुरुपयोग को लेकर केंद्र सरकार के निर्देश के बाद मंत्रालय को अपना जवाब सौंपा था।हालांकि, सूत्रों ने कहा कि बुधवार को सौंपी गई एक्स की रिपोर्ट 'विस्तृत तो है, लेकिन पर्याप्त नहीं' है।सूत्रों ने पीटीआई-भाषा से कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने एक्स से यह स्पष्ट करने को कहा है कि ग्रोक एआई से जुड़े अश्लील और आपत्तिजनक सामग्री के खिलाफ अब तक क्या ठोस कार्रवाई की गई है और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कौन-कौन से कदम उठाए जाएंगे।

## वैश्विक तनाव, व्यापार अनिश्चितता से शेयर बाजार में तीसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 102 अंक टूटा

**मुंबई:** शेयर बाजार में बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 102 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी 38 अंक नुकसान में रहा। वैश्विक स्तर पर तनाव और अमेरिकी शुल्क बढ़ने को लेकर चिंत-ाओं के बीच कारोबारी धारणा प्रभावित होने से बाजार में गिरावट आई।कारोबारियों ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने से भी बाजार प्रभावित हुआ।हालांकि, उन्होंने कहा कि चुनिंदा प्रमुख कंपनियों के शेयरों में खरीदारी और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने शेयर बाजार को सहारा दिया।बाजार में अस्थिरता के बीच 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 102.20 अंक यानी 0.12 प्रतिशत टूटकर 84,961.14 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 445.85 अंक यानी 0.52 प्रतिशत गिरकर 84,617.49 पर आ गया था।पचास शेयर पर आधारित एनएसई निफ्टी 37.95 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 26,140.75 अंक पर रहा।रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (अनुसंधान) अजीत मिश्रा ने कहा, बाजार धारणा पर वैश्विक संकेतों की मिली-जुली छाप और भू-राजनीतिक चिंताओं का गहरा प्रभाव बना रहा। इससे जोखिम लेने की प्रवृत्ति सीमित रही। इसके अलावा आईटीसी, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस जैसे कुछ प्रमुख शेयरों में बारी-बारी से बिकवाली ने तेजी को सीमित कर दिया और व्यापक तेजी पर रोक लगा दी।उन्होंने कहा, मजबूत घरेलू कारकों की अनुपस्थिति में व्यापारिक गतिविधि काफी हद तक शेयर केंद्रित रही और प्रतिभागी आगामी आय घोषणाओं और प्रमुख वैश्विक घटनाक्रमों से पहले प्रतीक्षा करो और देखो की नीति अपना रहे थे।सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से मारुति, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स और टाटा स्टील के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहें।

### वर्ष 2026 के अंत तक सेंसेक्स के 93,918 अंक पर पहुंचने का अनुमान

**नयी दिल्ली:** वैश्विक अनिश्चितताओं और शेयर बाजार में ऊंचे मूल्यांकन के बीच बीएसई का प्रमुख मानक सूचकांक सेंसेक्स वर्ष 2026 के अंत तक 93,918 अंक तक पहुंच सकता है। संपत्ति प्रबंध कंपनी क्लाइंट एसोसिएट्स (सीए) ने बुधवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया। इस रिपोर्ट के मुताबिक, सेंसेक्स दिसंबर, 2026 तक अपने मौजूदा स्तर 84,805 के मुकाबले करीब 11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 93,918 अंक तक पहुंच सकता है। कंपनी ने अपनी वार्षिक इक्विटी आकलन रिपोर्ट में कहा कि बहुत अधिक उतार-चढ़ाव वाले मौजूदा बाजार परिवेश में सोना और चांदी निवेश पोर्टफोलियो के लिए अहम संतुलनकारी संपत्ति बनकर उभर रहे हैं। क्लाइंट एसोसिएट्स फर्म अमीर और बेहद अमीर निवेशकों के लिए सात अरब डॉलर से अधिक मूल्य की संपत्ति का प्रबंधन करती है।

## वेदांता ग्रुप के मालिक अनिल अग्रवाल पर टूटा दुखों का पहाड़, बेटे अग्निवेश का अमेरिका में निधन



**नयी दिल्ली** : वेदांता समूह के संस्थापक अनिल अग्रवाल के बेटे अग्निवेश अग्रवाल का अमेरिका में निधन हो गया। वह 49 वर्ष के थे।अग्निवेश वेदांता समूह की कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल) के निदेशक मंडल में शामिल थे। वह अमेरिका में स्कींग के दौरान घायल हो गए थे और उपचार के बीच दिल का दौरा पड़ने से उनकी मृत्यु हो गई। अनिल अग्रवाल के दो बच्चों में दिवंगत पुत्र अग्निवेश के अलावा पुत्री प्रिया शामिल हैं। प्रिया वेदांता के निदेशक मंडल में हैं और हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की चेयरपर्सन हैं। मालूम हो कि अनिल अग्रवाल ने बिहार के पटना से निकलकर कबाड़ के स्क्रैप के काम से शुरुआत की और आज एक वैश्विक खनन और धातु टाइकून बन गए हैं. अनिल अग्रवाल के दो बच्चे थे. बेटा अग्निवेश और बेटी प्रिया. अनिल अग्रवाल के बेटे अग्निवेश की अमेरिका में स्कींग के दौरान हुए हादसे के बाद इलाज के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई.

## न्यूज अपडेट

### चांदी 5,000 रुपये चढ़कर 2.56 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी में चांदी की कीमत बुधवार को 5,000 रुपये बढ़कर 2,56,000 रुपये प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। सुरक्षित निवेश की मांग और औद्योगिकी खरीदारी से चांदी को समर्थन मिला। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।मंगलवार को चांदी 2,51,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका और वेनेजुएला के बीच बढ़ते तनाव ने सुरक्षित निवेश वाली परिसंपत्तियों की मांग को बढ़ाया है, जबकि आपूर्ति बाधाओं और मजबूत औद्योगिक मांग ने चांदी की कीमतों को और बढ़ा दिया है।इस बीच, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का दाम 100 रुपये की मामूली गिरावट के साथ 1,41,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रहा, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,41,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''हाल की तेजी के बाद निवेशकों की मुनाफावसूली से बुधवार को सोने की कीमतों में थोड़ी गिरावट आई।''उन्होंने कहा कि डॉलर में सुधार से भी सोने की कीमतों पर असर पड़ा। हालांकि लगातार भू-राजनीतिक जोखिम, सुरक्षित निवेश के रूप में कीमती धातुओं की मांग को समर्थन देते हैं। इससे तेज गिरावट होने से रुक रही है।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 31 पैसे मजबूत होकर 89.87 पर बंद

**मुंबई** : अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया बुधवार को 31 पैसे मजबूत होकर 89.87 पर बंद हुआ। भारतीय रिजर्व बैंक के संभावित हस्तक्षेप और वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से रुपये को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.20 पर खुला और 89.75-90.23 के दायरे में कारोबार करने के बाद 89.87 पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 31 पैसे अधिक है। रुपया मंगलवार को 12 पैसे की मजबूती के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.18 पर बंद हुआ था। मंगलवार को रुपये में चार दिनों से जारी गिरावट का सिलसिला थम गया और यह डॉलर के मुकाबले 12 पैसे बढ़कर 90.18 पर बंद हुआ।

### डीआरआई अधिकारियों ने 40 करोड़ रुपये मूल्य का सोना जब्त किया, चार लोग गिरफ्तार

**नयी दिल्ली:** वित्त मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि राजस्व खुफिया निद-ेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने सोने की सीमापार तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है और 40 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का सोना एवं 2.9 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की है।मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि डीआरआई के अधिकारियों ने दिल्ली और अगरतला में तलाशी अभियान चलाया और दुबई तथा बांग्लादेश से संचालित सोने की तस्करी करने वाले एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पता लगाया।जांच में पता चला कि यह गिरोह त्रिपुरा स्थित भारत-बांग्लादेश सीमा के रास्ते भारत में सोने की तस्करी कर रहा था और फिर दुबई, बांग्लादेश में स्थित डीलरों और अगरतला में आभूषण की दुकानें चलाने वाले स्थानीय एजेंटों की मिलीभगत से घरेलू कार्गो सेवाओं के माध्यम से इसे दिल्ली भेज रहा था।बयान के मुताबिक, 'सीमा शुल्क अधिनियम के प्रावधानों के तहत लगभग 40 करोड़ रुपये मूल्य का कुल 29.2 किलोग्राम सोना और 2.9 करोड़ रुपये नकद जब्त किया गया है। इसके अलावा, गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है।'

### दिसंबर तक आ सकता है इंडियन गैस एक्सचेंज का 600 से 700 करोड़ रुपये का आईपीओ

**नयी दिल्ली:** प्राकृतिक गैस के लिए ऑनलाइन डिलीवरी आधारित व्यापार मंच, इंडियन गैस एक्सचेंज इस साल दिसंबर तक आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) ला सकता है। इसके निदेशक और सीईओ, राजेश कुमार मेदिरत्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी।इंडियन एनर्जी एक्सचेंज (आईईएक्स) की आईजीएक्स में 47 प्रतिशत हिस्सेदारी है। नियमों के अनुसार, उसे इसे घटाकर 25 प्रतिशत करना है।मेदिरत्ता ने कहा, इस आईपीओ को वर्ष 2025 में लाया जाना था, लेकिन हमने एक साल का समय-विस्तार मांगा है। अब यह दिसंबर 2026 से पहले होने की संभावना है।आईपीओ के लिए जरूरी दस्तावेज 2026 की दूसरी तिमाही में पूंजी बाजार नियामक, सेबी के पास जमा किए जाने की संभावना है।

वर्ष 10, पूर्णांक 3467 अंक 277, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in